राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 267
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 21 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236




मुख्य अपडेट

पेज 3 नोएडा के सरकारी अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी से छेड़छाड़

पेज 4 झांसी में पूर्व प्रधान ने गर्लफ्रेंड के किए 7 टुकड़े

पेज 6 कुलदीप वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके, महाराज फिर

## संक्षिप्त खबरें

### ओलिंपियन पहलवान सुशील कुमार ने किया सरेंडर

**सोनीपत।** हरियाणा के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम दिल्ली की रोहिणी कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वह जूनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियन सागर धनखड़ हत्या मामले में आरोपी हैं। सुप्रीम कोर्ट की पीठ न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा ने दिल्ली हाईकोर्ट का 4 मार्च का जमानत आदेश रद्द कर दिया और मृतक सागर के पिता अशोक धनखड़ की याचिका को स्वीकार कर लिया। अदालत ने सुशील कुमार को 7 दिन के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया था। सागर धनखड़ की हत्या संपत्ति विवाद के चलते हुई मारपीट में हुई थी।

### चंडीगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-1 स्थित पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद पुलिस तुरंत अलर्ट हो गई और हाईकोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस, बम स्क्वायड और ऑपरेशन सेल की टीम मौके पर पहुंची और पूरे परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाया। अब तक कुछ संदिग्ध सामान नहीं मिला है, लेकिन पुलिस हर जगह तलाशी ले रही है। बताया जा रहा है कि यह धमकी भरा ईमेल हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को मिला है। इससे पहले भी इसी तरह की धमकी मिल चुकी थी, लेकिन तब भी कुछ नहीं मिला था।



### हैप्पी मॉर्निंग

महिला (सेल्समैन से)- ये टीवी कितने का है? सेल्समैन- 50,000 रुपये का महिला- इतना मंहगा? ऐसा इसमे क्या खास है? सेल्समैन- ये लाइट जाने के बाद Automatic बंद हो जाता है
महिला- पैक कर दो......



### शायरी

तो क्या हुआ जो दोस्त नहीं मिलते हमसे
मिला तो रब भी नहीं हमे, मगर इबादत तो बंद नहीं की.

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,857.84
+213.45 (0.26%)
निफ्टी:
25,050.55
+69.90

### मौसम



अधिकतम : 32 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूयोदय शुक्रवार : 5 : 56
सूर्यास्त गुरुवार : 7 : 05

### श्रद्धांजलि



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा अपने पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान के साथ नई दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती हुई।

## टीम इंडिया की स्पॉन्सर ड्रीम-11 बैन हो सकती है

**लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग बिल पास; रमी, पोकर पर भी रोक लगाने की तैयारी**

**नई दिल्ली।** आने वाले दिनों में फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे ड्रीम-11, रमी, पोकर वगैरह सब बंद हो सकते हैं। ड्रीम-11 भारतीय क्रिकेट टीम की लीड स्पॉन्सर भी है। आज यानी 20 अगस्त को लोकसभा में प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पास हो गया। ये बिल ऑनलाइन गेमिंग को रेगुलेट करने और रियल-मनी गेम्स पर रोक लगाने के लिए है। अगर राज्यसभा में भी ये बिल पास हो गया, तो सभी मनी बेस्ड ऑनलाइन गेम्स पर रोक लग जाएगी। चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक लगेगी।

## मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, दफ्तर बंद

**34 लोकल ट्रेनें कैंसिल, यूपी के 100 से ज्यादा गांवों में बाढ़**

**मुंबई।** मुंबई में तेज बारिश का बुधवार को तीसरा दिन है। 24 घंटे में यहां 300 मीमी बारिश हुई। मुंबई में लगातार तीसरे दिन स्कूल-कॉलेज, गवर्नमेंट और सेमी-गवर्नमेंट ऑफिस बंद रहे। मुंबई लोकल की 34 ट्रेनें (17 जोड़ी) कैंसिल हैं। 250 से ज्यादा फ्लाइट्स पर भी असर पड़ा है।

मंगलवार शाम मुंबई में एक मोनोरेल से करीब 800 लोगों को रेस्क्यू किया गया। मैसूर कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे एक मोनोरल एलिवेटेड ट्रैक पर अटक गई थी। इसमें मौजूद 582 यात्रियों को विंडो तोड़कर क्रेन की मदद से करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से रेस्क्यू किया गया।

रेल में सवार यात्री सागर ने कहा- बिजली और एसी बंद होने से डिब्बों में घुटन होने लगी थी। बाहर बारिश हो रही थी और अंधेरा बढ़ रहा था। सबसे डरावना पल तब था, जब ट्रेन खतरनाक ढंग से झुक गई थी, हम दुआ कर रहे थे कि जिंदा बाहर निकल जाएं।

यूपी के फर्रुखाबाद में गंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यहां 100 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कानपुर में गंगा का जलस्तर डेंजर लेवल से सिर्फ 11 सेमी दूर है। पिछले 24 घंटे में गंगा बैराज में 4 सेमी पानी बढ़ा। यहां जलस्तर 114.79 मीटर तक पहुंचा है। 5 गांव में बाढ़ का पानी घुसा है।



### महाराष्ट्र समेत 23 राज्यों में बारिश के आसार

मौसम विभाग ने बुधवार को महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। इनके अलावा तेलंगाना, बिहार में ऑरेंज अलर्ट और राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड समेत 18 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मुंबई सिटी के अलावा उपनगर ठाणे, चंद्रपुर, रायगढ़ और रत्नागिरी में रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले कुछ दिनों तक महाराष्ट्र में तेज बारिश होने की संभावना है।

## अग्नि-5 का ओडिशा में सफल परीक्षण, रेंज 5000 किमी

**चीन-पाकिस्तान तक मार करने की क्षमता, भारत की पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल**

एजेंसी

**चांदीपुर।** भारत ने अपनी पहली इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण कर लिया है। ओडिशा के चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज में बुधवार को इसकी टेस्टिंग हुई।

यह मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल री-एंट्री व्हीकल टेक्नोलॉजी से लैस है। यानी इसे एक साथ कई टारगेट्स पर लॉन्च किया जा सकता है। इसका पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में हुआ था।

अग्नि-5 की रेंज 5000 किमी है। ऐसे में यह मिसाइल पाकिस्तान, चीन, तुर्किये जैसे कई देशों तक मार करने की क्षमता रखती है।

मिसाइल 7500 किलोग्राम के बंकर बस्टर वॉरहेड ले जाने और जमीन में 100 मीटर की गहराई तक जाकर दुश्मनों के न्यूक्लियर सिस्टम, रडार सिस्टम, कंट्रोल सेंटर, हथियार स्टोरेज को तबाह कर सकेगी

### 29 हजार 401 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार

अग्नि-5 भारत की पहली और एकमात्र इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है, जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। ये भारत के पास मौजूद लंबी दूरी की मिसाइलों में से एक है।

रेंज 5 हजार किलोमीटर है। अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल एक साथ कई हथियार ले जाने में सक्षम है।

मल्टिपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेबल रीएंट्री व्हीकल से लैस है। यानी एक साथ कई टारगेट्स के लिए लॉन्च की जा सकती है।

डेढ़ टन तक न्यूक्लियर हथियार अपने साथ ले जा सकती है। इसकी स्पीड मैक 24 है, यानी आवाज की स्पीड से 24 गुना ज्यादा।

लॉन्चिंग सिस्टम में कैनिस्टर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इस वजह से इस मिसाइल को कहीं भी आसानी से ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है।

इस्तेमाल भी बेहद आसान है, इस वजह से देश में कहीं भी इसकी तैनाती की जा सकती है।

## दिल्ली सीएम पर हमला, हाथ-कंधे और सिर पर चोटें आईं

**आरोपी पर 5 केस चल रहे; रेखा गुप्ता को जेड-कैटेगरी सिक्योरिटी, अब समीक्षा करेगा गृहमंत्रालय**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह करीब 8.15 बजे जनसुनवाई के दौरान एक शख्स ने हमला कर दिया। इस हमले में चोटिल हुईं सीएम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके हाथ, कंधे और सिर पर चोटें आईं हैं। हमलावर गुजरात के राजकोट निवासी राजेशभाई खीमजी (42) को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज हुआ है। आरोपी पर गुजरात में चाकूबाजी समेत 5 केस पहले से दर्ज हैं ।उसके पास कोई हथियार नहीं मिला। वह दो दिन पहले ही दिल्ली पहुंचा था। शिकायतकर्ता बनकर जन सुनवाई में पहुंचा और सीएम को कागज देते समय उसने हमला कर दिया। इंटेलिजेंस ब्यूरो और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल उससे पूछताछ कर रही है। सीएम रेखा गुप्ता को अभी जेड कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय सीएम की सुरक्षा की समीक्षा करेगा। जेड कैटेगरी में 22 से 25 सुरक्षाकर्मी तक होते हैं। इनमें पीएसओ, एस्कॉर्ट और आठ हथियारबंद गार्ड रहते हैं।





### हमले से एक दिन पहले आरोपी ने रेकी भी की थी

आरोपी राजेशभाई ने हमले के पहले सीएम रेखा गुप्ता के शालीमार बाग स्थित आवास की रेकी की थी। 19 अगस्त को सीएम के आवास में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी दिखा था। सीसीटीवी फुटेज में, वह किसी से फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहा था। फिर फोन से लगातार सीएम आवास के बाहर रिकॉर्डिंग करता दिखा।

एक और सीसीटीवी फुटेज में वह मुख्यमंत्री के निजी आवास स्थित ऑफिस के अंदर बैठकर वीडियो रिकॉर्ड करता हुआ दिखाई दिया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी के मोबाइल फोन से जन सुनवाई कार्यक्रम के दो वीडियो भी मिले हैं।

## अहमदाबाद में 10वीं के छात्र की चाकू मारकर हत्या

**8वीं क्लास के स्टूडेंट ने दिया वारदात को अंजाम, भीड़ ने प्रिंसिपल और स्टाफ को पीटा**

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में सेवेंथ डे स्कूल में 8वीं कक्षा के एक छात्र ने 10वीं कक्षा के एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी। वारदात मंगलवार दोपहर की है। देर शाम अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए करीब 2 हजारों लोगों की भीड़ ने बुधवार सुबह स्कूल का घेराव कर जमकर तोड़फोड़ की।

### प्रिंसिपल समेत पूरे स्टाफ को पीटा

सिंधी समुदाय के लोग, बजरंग दल, विहिप और एबीवीपी के कार्यकर्ता बुधवार सुबह स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचते ही लोगों ने पहले तो स्कूल के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद रेलिंग कूदकर स्कूल के अंदिर दाखिल हो गए।

अंदर घुसते ही लोगों ने गार्ड, बस ड्राइवर्स को पीटना शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पार्किंग में खड़ी बसों, कारों और दोपहिया वाहनों में भी जमकर तोड़फोड़ की। प्रिंसिपल और अन्य स्टाफ सदस्यों को भी जमकर पीटा। सूचना मिलते ही पुलिस की कई टीमें स्कूल पहुंची। लेकिन, लोग इतने गुस्से में थे कि पुलिसकर्मियों के सामने ही पूरे स्टाफ को पीटते रहे।




## टीचर मनीषा का आज अंतिम संस्कार

**भिवानी-रोहतक के बाद दिल्ली एम्स में तीसरा पोस्टमॉर्टम हुआ**

**भिवानी।** भिवानी की लेडी टीचर मनीषा का शव मिलने के 8 दिन बाद गुरुवार (21 अगस्त) को उसके गांव ढाणी लक्ष्मण में अंतिम संस्कार होगा। इसके लिए सुबह 8 बजे का टाइम तय किया गया है।

मनीषा के शव को भिवानी के अस्पताल से पहले घर लाया जाएगा। यहां अंतिम रस्में करने के बाद गांव के श्मशान घाट में अंतिम विदाई दी जाएगी।

इससे पहले परिवार ने सरकार के सामने 2 मांगें रखी थीं। पहली- केस की जांच हरियाणा पुलिस की जगह सीबीआई से कराई जाए, दूसरी- मनीषा का दिल्ली एम्स से पोस्टमॉर्टम कराया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि सरकार ने मागें नहीं मानी तो वह गांव में पक्का मोर्चा लगा देंगे। तब तक प्रशासन को मनीषा का अंतिम संस्कार नहीं करने दिया जाएगा।



वहीं, मनीषा की डेथ मिस्ट्री में कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस गैंग की एंट्री हो गई है।

लॉरेंस के साथी गोल्डी ढिल्लो ने सोशल मीडिया पर धमकी दी कि पुलिस और सरकार मनीषा को इंसाफ दे वर्ना हम उसे इंसाफ दिलाएंगे।

## 30 लाख रुपये के इनामी आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों के सामने दो महिलाओं समेत आठ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन नक्सलियों पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों ने बताया कि वे पुलिस के पुनर्वास अभियान और राज्य सरकार की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं। प्रतिबंधित माओवादी संगठन के सदस्यों की पहचान सुखलाल जुर्री, हुर्रा उर्फ हिमांशु मिद्याम, राजू पोडियाम उर्फ सुनील पोडियाम, मनीराम कोर्राम, सुक्कू फरसा उर्फ नागेश, रामू राम पोयाम, कमला गोटा और दीपा पुनेम के रूप में हुई है।




### इन्होंने किया आत्मसमर्पण

अधिकारी ने बताया कि सुखलाल एक डिवीजनल कमेटी सदस्य और एक माओवादी डॉक्टर के रूप में सक्रिय था, जबकि हुर्रा कंपनी नंबर 1 पीपीसीएम से संबंधित था। उन्होंने बताया कि दोनों पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था। पोडियाम एरिया कमेटी मेंबर (एसीएम) और लोकल ऑर्गनाइजेशन स्क्वॉड का डिप्टी कमांडर था। सुक्कू कंपनी नंबर 1 का सदस्य था, जबकि पोयाम ब्यूरो सप्लाई टीम में काम करता था।

उन्होंने बताया कि दोनों महिलाओं में से कमला एसीएम और दीपा माओवादी संगठन की एक पार्टी सदस्य थी। अधिकारी ने बताया कि पोडियाम और कमला पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। अन्य चार नक्सलियों पर 1-1 लाख रुपये का इनाम था।

उन्होंने बताया कि सभी आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी गई और राज्य सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि इस साल अब तक नारायणपुर जिले में 148 नक्सलियों ने हथियार डाल दिए हैं। केंद्र ने मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है।

## कलेक्टर नहीं मिले तो कुत्ते के गले में बांधा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा में कांग्रेस का किसान आंदोलन; पटवारी ने दिया नारा- खाद चोरों, कुर्सी छोड़ो**

**छिंदवाड़ा।** कांग्रेस ने खाद की कमी और किसानों की अलग-अलग समस्याओं को लेकर छिंदवाड़ा में बड़ा प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हल्की झड़प और धक्का-मुक्की देखने को मिली।

कांग्रेस नेता कलेक्टर को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपना चाहते थे, लेकिन जब कलेक्टर नहीं मिले तो कुत्ते को ज्ञापन सौंपा गया। कुत्ते के गले में ज्ञापन बांध दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने ज्ञापन बंधे कुत्ते को ऊपर उठाया। इस दौरान पूर्व सांसद नकुलनाथ, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी समेत कई नेता मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने निकाली ट्रैक्टर रैली

इससे पहले कांग्रेस नेताओं ने किसानों के साथ मिलकर ट्रैक्टर रैली निकाली। जिसमें प्रदेशभर से किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। रैली सभा स्थल जेल बगीचे तक पहुंची। यहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूर्व सांसद नकुलनाथ समेत कई कांग्रेस नेताओं ने सभा को संबोधित किया।

**सुनवाई** — उन्हें विधानसभा से पास बिल को अनिश्चितकाल तक मंजूरी देने से रोकने का अधिकार नहीं

## सुप्रीम कोर्ट बोला- सरकार राज्यपालों की मर्जी पर नहीं चल सकती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि निर्वाचित सरकारें राज्यपालों की मर्जी पर नहीं चल सकती। अगर कोई बिल राज्य की विधानसभा से पास होकर दूसरी बार राज्यपाल के पास आता है, तो राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास नहीं भेज सकते।

संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास चार विकल्प होते हैं- बिल को मंजूरी देना, मंजूरी रोकना, राष्ट्रपति के पास भेजना या विधानसभा को पुनर्विचार के लिए लौटाना।

लेकिन अगर विधानसभा दोबारा वही बिल पास करके भेजती है, तो राज्यपाल को उसे मंजूरी देनी होगी। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने कहा कि अगर राज्यपाल बिना पुनर्विचार के ही मंजूरी रोकते हैं, तो इससे चुनी हुई सरकारें राज्यपाल की मर्जी पर निर्भर हो जाएंगी। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को यह अधिकार नहीं है कि वे अनिश्चितकाल तक मंजूरी रोककर रखें।

बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पी एस नरसिम्हा और ए एस चंदुरकर शामिल हैं।

पांच जजों वाली बेंच गुरुवार को लगातार तीसरे दिन भारत के राज्यपाल और राष्ट्रपति की तरफ से बिल को मंजूरी, रोक या रिजर्वेशन मामले की सुनवाई जारी रखेगी।

### केंद्र ने कहा- राज्यपाल को पोस्टमैन नहीं बनाया जा सकता

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राज्यपाल को केवल पोस्टमैन की भूमिका में नहीं रखा जा सकता। उनके पास कुछ संवैधानिक अधिकार हैं और वे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होते हैं।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने केंद्र की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि अगर राज्यपाल को यह अधिकार है, तो फिर राष्ट्रपति भी केंद्र सरकार के बिलों पर मंजूरी रोक सकते हैं।

इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान की व्याख्या राजनीतिक परिस्थितियों को देखकर नहीं की जाएगी। जस्टिस नरसिंहा ने कहा कि राज्यपाल की शक्तियों की व्याख्या सीमित दायरे में नहीं की जा सकती। संविधान एक जीवंत दस्तावेज है और उसकी व्याख्या समय के अनुसार होनी चाहिए।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
गुरुवार 21 अगस्त 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# ‘हाईवे पर सफर — सरकार के दावों की असलियत का जाम’



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत के हाईवे पर चलना अब ‘स्पीड’ का नहीं, बल्कि ‘सहनशीलता’ का टेस्ट है।

सरकार कहती है — ‘सड़कें बेहतर हैं, तकनीक आई है, सफर आसान हुआ है।’ लेकिन ज़मीनी सच्चाई यह है कि हर कुछ सौ किलोमीटर पर टोल प्लाज़ा की लंबी कतारें, फंसे हुए ट्रक और जाम में धकेलते हॉर्न — यही ‘न्यू इंडिया’ की असली आवाज़ है।

### टोल नाका : सफर या सज़ा?

एनएचएआई कहता है कि देश में 1,150 टोल प्लाज़ा हैं।

लेकिन सवाल है — क्या ये प्लाज़ा सुविधा के लिए हैं या सज़ा के लिए ?

औसतन 5–10 मिनट की देरी, एक यात्रा को कई घंटे लंबा कर देती है।

* करोड़ों लीटर ईंधन जाम में जलकर धुआँ बन जाता है,
* हवा में ज़हर घुलता है,
* और आम आदमी का धैर्य राख हो जाता है।

यह कैसा विकास है जहाँ सड़क पर दौड़ती कार की रफ्तार टोल गेट पर ‘खड़े होने’ में बदल जाती है ?

### योजनाएँ — कागज़ पर तेज़, ज़मीन पर सुस्त

* FASTag (2016): इसे ‘गेमचेंजर’ कहा गया था। लेकिन स्कैनर फेल हो जाए, बैलेंस अपडेट न हो, या ब्लैकलिस्टिंग हो जाए — फिर लाइन वही पुरानी।
* वार्षिक पास (2025) : सरकार ने कहा — 3,000 में 60 किमी की राहत। लेकिन शुरुआत में ही कई जगह यात्रियों से ओवरचार्जिंग और भ्रम की शिकायतें।
* भविष्य का सपना : जीपीएस आधारित बैरियर–फ्री टोलिंग। मगर सपना तब तक सपना ही है, जब तक ज़मीन पर सुधार नहीं दिखते।

### सुप्रीम कोर्ट की गूंज — जनता की आवाज़

**सीजेआई बी.आर. गवई ने साफ़ कहा :** ‘65 किमी की दूरी तय करने में 12 घंटे क्यों लगते हैं और ?150 टोल क्यों देना पड़ता है ?’

यह सिर्फ़ अदालत की टिप्पणी नहीं, बल्कि हर उस ड्राइवर का सवाल है जो जाम में पसीना बहाता है।

सीजेआई ने याद दिलाया — सड़क बनाने का टैक्स लोग पहले ही दे चुके हैं, तो फिर खड्डों और गटरों से गुज़रने के लिए दोबारा क्यों वसूली हो रही है ?

यह टिप्पणी सीधे सरकार और एनएचएआई की जवाबदेही पर चोट है।

### नुकसान — जेब से लेकर सांस तक

टोल प्लाज़ा पर जाम का मतलब है :

* जेब से रोज़ाना चोरी — करोड़ों लीटर ईंधन बर्बाद,
* दामों में बढ़ोतरी — क्योंकि देरी से हर माल महंगा,
* और सांस में ज़हर — प्रदूषण का बोझ हर शहर पर।

यह सिर्फ़ ट्रैफ़िक की समस्या नहीं, बल्कि जेब, पेट्रोल और पर्यावरण की तिकड़ी पर एक साथ हमला है।

### आगे की राह — जनता के लिए या सिर्फ़ राजस्व के लिए?

**समाधान कठिन नहीं है :**

* सभी लेन FASTag आधारित हों,
* बैरियर–फ्री ऑटोमेशन लागू हो,
* शिकायतों के लिए मज़बूत और त्वरित तंत्र बने,
* और सड़क की गुणवत्ता पर सख़्त निगरानी हो।

लेकिन सवाल यही है — क्या सरकार सफर आसान बनाने में रुचि रखती है या सिर्फ़ टोल वसूलने में ?

### निष्कर्ष

FASTag और वार्षिक पास जैसी योजनाएँ कागज़ पर चमकदार हैं। लेकिन जाम में फँसे ड्राइवर के लिए यह सब कागज़ की बात है।

जब तक सरकार के लिए सड़कें ‘राजस्व का जरिया’ हैं और जनता के लिए ‘जाम का ज़रिया’, तब तक हाईवे पर सफर आसान नहीं होगा।

आज ज़रूरत है कि सरकार ‘फास्ट टैग’ को वाक़ई तेज़ बनाए, वरना जनता के धैर्य का टोल अब बहुत महंगा पड़ सकता है।

## सेवा की सज़ा

इसमें दो राय नहीं कि जब भी मूल रूप से जेल की अवधारणा का विकास हुआ होगा, तो उसका मकसद भटके लोगों के जीवन में सुधार ही रहा होगा। किसी सभ्य समाज के कायदे–कानून तोड़ने वाले, भटके हुए लोगों को जेल के एकाकी जीवन में आत्ममंथन का समय देने का भी मकसद रहा होगा। साथ ही यह भी अहसास कराना होगा कि समाज से विलग रहने के क्या मायने हैं। वहीं दूसरी ओर जीवन मूल्यों व सामाजिकता का अहसास कराना भी मकसद रहा होगा। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता, 2023 पर आधारित नई व्यवस्था छोटे अपराधों के लिए दोषियों को जेल भेजने के बजाय समाज सेवा करने का अवसर देती है। ताकि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो और उत्तरदायित्व के साथ सामाजिकता का बोध हो सके। हरियाणा सरकार द्वारा जारी सामुदायिक सेवा दिशानिर्देश, 2025 की अधिसूचना आपराधिक न्यायिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। जिसका लक्ष्य दंड देने के बजाय सुधार व बदलाव है। ऐसे समय में जब देश की जेलें कैदियों की निर्धारित संख्या से कहीं अधिक बोझ उठा रही हैं। विचाराधीन कैदियों की संख्या 76 फीसदी से अधिक है, राज्य की यह पहल कम जोखिम वाले अपराधियों के लिये कारावास का सकारात्मक विकल्प प्रदान करती है। निस्संदेह, इस पहल का दायरा व्यापक होने के साथ ही उद्देश्यपूर्ण भी है। यह व्यवस्था कम संगीन अपराधों के लिये दोषियों को पार्कों के रखरखाव, अस्पतालों में मरीजों की सहायता करने, आंगनबाड़ियों में योगदान देने, ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, स्वच्छ भारत तथा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियानों में योगदान के लिये प्रेरित करती है। इस बाबत जारी दिशा–निर्देश किशोरों के लिये भी भूमिकाएं निर्धारित करते हैं। मसलन, नेशनल कैडिट कोर प्रशिक्षण, राष्ट्रीय सेवा योजना, पर्यावरण परियोजनाएं तथा महिलाओं के लिये प्रसूति वार्ड व शिशु देखभाल केंद्र जैसे सुरक्षित स्थानों पर सेवा करने का अवसर प्रदान करती है। निश्चय ही नई व्यवस्था जहां एक ओर अपराधियों को उनके अपराध का प्रायश्चित करने का अवसर प्रदान करती है, वहीं समाज में उनके योगदान को बढ़ावा देती है।

दरअसल, हरियाणा मॉडल के तहत की जाने वाली पहल, उसे अन्य राज्यों के प्रयासों से विशिष्टता प्रदान करती है। जैसे कि दिल्ली में 40 से 240 घंटे की सेवा निर्धारित करने वाली नीति से अलग, इसके परिचालन का विवरण, इसे विश्वसनीय बनाता है। इसके अंतर्गत बायोमेट्रिक उपस्थिति, जियो–टैग की गई तस्वीरें, वीडियो प्रमाण और प्रगति रिपोर्टिंग सत्यापन इसकी सार्थकता सुनिश्चित करती है। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों को गौशालाओं और वृद्धाश्रमों में सेवा करने की सजा और जम्मू की एक अदालत द्वारा अपराधियों को स्वास्थ्य केंद्र और पार्क की सफाई करने के लिये बाध्य करने का आदेश यह दर्शाता है कि सामुदायिक सेवा समाज को लाभ पहुंचाने के साथ ही भटके व्यक्ति के व्यवहार को कैसे नया रूप दे सकती है।

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस– 21 अगस्त, 2025

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

-ललित गर्ग-



अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून–पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं।

भारत जैसे देश में, जहां माता–पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता–पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता–पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं ? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं ? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ–बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं ? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं ? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने।

वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए। 2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं।

इस दिवस की इस वर्ष की थीम है– समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं। पारदर्शी सोच, परिणामों का आकलन और अच्छे–बुरे का विवेक जैसे गुण बुजुर्गों में अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। इसीलिए दफ्तरों, संस्थाओं और घरों में उन्हें उपेक्षित करना अनुचित ही नहीं, बल्कि हमारे लिए नुकसानदेह भी है।

समाज में कई स्तरों पर ऐसे कदम उठाए जा सकते हैं, जिनसे बुजुर्ग स्वयं को उपेक्षित न महसूस करें। परिवारों में नियमित रूप से संगोष्ठियां हों जिनमें वरिष्ठजन अपने अनुभव साझा करें। स्कूलों में ग्रैंड–पैरेंट्स डे आयोजित हो, जिससे बच्चे अपने दादा–दादी से सीख सकें और बुजुर्गों को सक्रियता और अपनापन महसूस हो। समाज और धार्मिक संस्थाओं को संयुक्त संगोष्ठियां करनी चाहिए, जहां नई और पुरानी पीढ़ी एक–दूसरे को समझ सके।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और परिवारों को भी बुजुर्गों की क्षमताओं का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए। छोटे–छोटे आयोजन जैसे परिवार के भोज, स्मृति पुस्तकों का निर्माण, या बच्चों और बड़ों के बीच कौशल साझा करने की गतिविधियां पीढ़ियों के बीच पुल का काम कर सकती हैं। आने वाले वर्षों में इसकी प्रासंगिकता और बढ़ जाएगी। 2050 तक दुनिया की लगभग 22 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष या उससे अधिक आयु की होगी। वृद्धजन समाज और परिवार को ज्ञान, परंपरा और स्वयंसेवा से समृद्ध करेंगे, लेकिन साथ ही उन्हें स्वास्थ्य समस्याओं, अकेलेपन और सामाजिक उपेक्षा जैसी चुनौतियों का भी सामना करना होगा। इसलिए जरूरी है कि हम आज से ही एक ऐसे समाज का निर्माण करें जिसमें उम्र सम्मान और गरिमा की पहचान बने, न कि उपेक्षा की।

प्रश्न है कि दुनिया में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई ? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है ? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी–आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि वृद्ध व्यक्ति ज्ञान और अनुभव के अमूल्य स्रोत हैं और उनके पास शांति, सतत विकास और हमारे ग्रह की सुरक्षा में योगदान करने के लिए बहुत कुछ है।’ फिर वृद्धजन क्यों स्वयं को इतना खाली, एकांकी एवं उदासीन बनाये हुए हैं ? वृद्धावस्था में खालीपन एक बड़ी समस्या है। कहावत भी है कि खालीपन सजा भी है और मजा भी है। यह वृद्धावस्था को प्राप्त लोगों पर ही निर्भर है कि वे खालीपन में मजा ले रहे हैं, आनन्द ले रहे हैं या उसे सजा बना रहे हैं। धर्म की जड़ पाताल में और पाप की जड़ अस्पताल में, यह साक्षात् अनुभव करते हुए वृद्धजन अपने वृद्धावस्था को उपयोगी बनाये।


विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाने की सार्थकता तभी है जब हम वृद्धों की देखभाल करने के दायित्व का निर्वाह ईमानदारी से करें, जिन्होंने कभी हमारी देखभाल की थी, सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। उम्र दरअसल उन वर्षों की गिनती है जिनमें दुनिया ने हमारे साथ यात्रा की है। बुजुर्ग जीवित पुस्तकालय हैं, जिनमें ज्ञान की अनगिनत दुनिया छिपी है।

उनका सम्मान करना अपने भविष्य का सम्मान करना है, और यही शक्ति, अनुग्रह और विरासत को सहेजने का मार्ग है।

यह दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम बुजुर्गों को केवल जीने के लिए ही नहीं, बल्कि सम्मान और उत्साह के साथ जीने का अधिकार देंगे। हमें अतीत का सम्मान करना है, वर्तमान को संजोना है और सभी उम्र के लोगों के लिए एक समावेशी भविष्य की आशा करनी है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3626




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

10 / 6 → 1 2 3 4 ; ↓ 1 2 3

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो - 3625 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-‘यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.’

‘और वह !’ दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

‘ओह !’ गाइड बोला-‘इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.

□ □ □

पहला-‘पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?’

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

‘दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं ?’

‘जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.’

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-‘‘कल से तू काम पर मत आना !’’

‘‘जी ! क्या बात हो गई ?’’

‘‘जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.’’

‘‘जी. वह काम करने में टूट गई !’’

‘‘वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?’’

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3626



**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की ‘तू मेरा मखना’ गीत वाली फिल्म-३
३. ‘किसीसे तुम प्यार करो’ गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. ‘सुबह सुबह जब’ गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की ‘चलो दिलदार चलो’ गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं ?-२
९. अमिताभ, जया की ‘आए तुम याद मुझे’ गीत वाली फिल्म-२
१०. ‘परदेसी तो हैं परदेसी’ गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की ‘ओ रूपनगर के सौदागर’ गीत वाली फिल्म-२
१३. ‘मैं ने तुझसे प्यार’ गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की ‘ऐ चाँद जहाँ वो जाए’ गीत वाली फिल्म-३
१५. ‘घर आजा परदेसी’ गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. ‘जलता है जिया’ गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की ‘यारा ओ यारा’ गीत वाली फिल्म-२
२२. ‘तारे हैं बाराती’ गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की ‘तू दीवाना पागल मेरा’ गीत वाली फिल्म-३,३
२७. ‘लड़की है क्या’ गीतवाली फिल्म-३
२८. ‘मेरे खयालों की’ गीत वाली फिल्म-२
२९. ‘सूर्यवंशी’ में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की ‘जादू तेरी नजर’ गीत वाली फिल्म-२
३१. ‘जब कोई बात’ गीतवाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. ‘रात कली इक ख्वाब में आई’ गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म ‘आर या पार’ की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की ‘बड़ी मुश्किल है’ गीत वाली फिल्म-३
४. ‘तुम भी चलो हम भी चलें’ गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की ‘छोड़दे जवानी में उदासी’ गीत वाली फिल्म-४
११. ‘तेरी चाहत में’ गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की ‘आज हमने दिल का हर फैसला’ गीत वाली फिल्म-२
१३. ‘बहारों फूल बरसाओ’ गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की ‘एक बेचारा प्यार का मारा’ गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म ‘शोला और शबनम’ नायिका कौन थी ?-३
२१. फिल्म ‘गुनाह’ की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की ‘कभी खोले ना तिजोरी का’ गीत वाली फिल्म-३
२३. ‘मझे तेरे जैसी लड़की’ गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की ‘यार बदल ना जाना’ गीत वाली फिल्म-३
२५. ‘फूलों सा चेहरा तेरा’ गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की ‘हमने देखी है’ गीत वाली फिल्म-३
२८. ‘मैं कुड़ी अनजानी’ गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3625



## सूडोकु -3626

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3625 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## शब्द पहेली - 3626



**बाएँ से दाएँ**

1.जाति,समाज,बुंधता-4
3.स्वयंवर माला,जीत-4
6.चूहे का घर-2
7.स्थिर,टिका हुआ-3
8.पार्थिव देह,लाश-2
10.सुवासित करना-4
11.थोड़ा,कम-2
13.मोटा आटा,दानेदार-4
15.गौरव,अभिमान-3
17.विष्णु,नारायण-4
20.वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21.होशियार,दक्ष-3
23.उचित,सही-3
25.जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26.करिश्मा,करतब-4
29.भर्त्सना,धिक्कार-3
31.गुलाम,परतंत्र-4
32.बेल,लतिका-2
34.आश्चर्य-4
35.नांद,टप-2
37.मग्नता-3
39.मछली-2
40.कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41.मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**

1.विधेयक,देयक-2
2.विजयादशमी-4
3.जीत,विजय-2
4.जुड़वा-3
5.शव,मृत शरीर-2
6.बंधु,सजातीय,भाई-4
7.एक आंख वाला-2
9.मौजूदा,आधुनिक-4
10.मदमस्त-4
12.धुन,लय,सुर-2
14.इच्छा,कामना-2
16.सुर साधना-3
18.भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19.छुट्टी,अवकाश-2
21.अच्छे कुल का-3
22.भाग्य (अंग्रेजी-2)
24.यम,मृत्यु का देवता-4
25.अपमिश्रण, खोट-4
27.निशा,रात्रि-2
28.कहासुनी,कलह-4
30.तल्ला,पैंदा-2
31.गुलामी,पराश्रित-4
33.शिक्षा(उर्दू-3)
34.अदा करना,चुकाना-2
36.एक सवारी गाड़ी-2
38.झुका हुआ-2
39.दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली - 3625 का हल



# नोएडा में बाढ़ का पानी घुसा

## पुश्ता में 100 से अधिक झुग्गियां डूबीं, लोगों ने पलायन किया; पीड़ित बोले- अभी कोई मदद नहीं मिली

**नोएडा।** नोएडा के डूब क्षेत्र में दो दिनों से बाढ़ का पानी आ गया है। यहां रहने वाले लोग अब पलायन करने को मजबूर हैं। सेक्टर-168 की तरफ करीब 100 से ज्यादा झुग्गियां बनाकर लोग रह रहे हैं। बाढ़ का पानी झुग्गियों में भरने से खाने-पीने का सामान व अन्य सामग्री बह गई।

पीड़ितों ने कहा- अभी तक यहां पर राहत सामग्री नहीं पहुंची है। जिला प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं की जा रही है। नोएडा में मंगरौली, छपरौली, गुलावली, मोहियापुर के अलावा झट्टा गांव में पानी भरा है। ग्रामीणों ने कहा- 2 दिन पहले अचानक से रात में करीब 1 से 2 बजे के बीच पानी आया। सारा सामान निकालने का समय नहीं मिला।

### 2023 में आई थी बाढ़

दिल्ली में यमुना का जल स्तर बढ़ रहा है। मथुरा के नौझील के आसपास के गांवों में जलभराव भी है। नोएडा के पुश्ता में 2023 में बाढ़ आई थी। जिसमें करीब 1200 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इससे कहीं ज्यादा मवेशियों को बचाया गया। साथ ही 2000 हजार से ज्यादा लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए सामुदायिक किचन और आश्रय स्थल बनाए गए थे।



### डीएम ने दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें। समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के लोगों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानकारी दी जाए।

प्राधिकरणों के अधिकारियों से कहा- डूब क्षेत्रों में जो गोशालाएं हैं, उनको लेकर भी ऑप्शनल व्यवस्था रखी जाए।

डूब क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए गौवंशों को रेस्क्यू करके सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा जा सके। बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए समन्वय बनाते हुए अपनी सभी तैयारियों को पूरा करें।

### बागान की बजाय बने स्टेडियम

सेक्टर-94 से हिंडन बैराज तक पुश्ता रोड और यमुना के 5 हजार हेक्टेयर एरिया को देखा। सेक्टर-94 से तीन से 4 किमी चलने पर ही हमें वही नजारा दिखा तो 2023 में बाढ़ आने से पहले का था। थोड़ा बहुत बदलाव भी नजर आया। पुश्ता रोड पूरी तरह से खस्ता है। डूब क्षेत्र में जहां नर्सरी और बागान होने चाहिए थे, वहां आलीशान क्रिकेट ग्राउंड थे।

उनमें फ्लड लाइट लगी थी। एक मैदान नहीं ऐसे दर्जनों मैदान वहां बना दिए गए। जिनकी बुकिंग के लिए बोर्ड पर नंबर तक दिए गए थे।

### 2023 में रातों रात डूब क्षेत्र में पानी भरा था

दरअसल, अगस्त 2023 में हरियाणा के हथनीकुंड बांध के दरवाजे खोले गए। रातों रात डूब क्षेत्र में पानी भरा। सुबह तक सारे फॉर्म हाउस से लेकर हजारों लोग गोवंश इस बाढ़ की चपेट में आ गए। आनन-फानन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लोगों को स्टीमर, ट्रैक्टर ट्राली के जरिए बाहर निकाला गया। कई गोवंश मर गए। कितने बह गए, इनकी संख्या का कोई आकलन नहीं था।

नोएडा में यमुना सेक्टर-94, 124, 125, 127, 128, 131, 133, 134, 135, 168 के अलावा 150 से होकर निकलती है। इसी तरह हिंडन नदी छिजारसी से प्रवेश करते हुए सेक्टर-63ए, बेहलोलपुर, शहदरा, सुथियाना, गढ़ी चौखंडी, सेक्टर-123, 118, 115, 143, 143ए, 148, 150, मोमनाथल के पास यमुना में मिलती है। यह दोनों ही नदिया नोएडा को चारों तरफ से घेरे हुए हैं और नदियों के किनारे की जमीन को ही डूब क्षेत्र कहते हैं, जहां पर खरीद-फ़रोखत प्रतिबंध है।

# नोएडा के सरकारी अस्पताल में नर्सिंग अधिकारी से छेड़छाड़

## युवक ने हाथ पकड़ा, महिला बोली- वार्ड के पीछे चलने के लिए कहा, मना करने पर धमकी दी

**नोएडा।** शराब के नशे में जिला अस्पताल में एक व्यक्ति ने नर्सिंग अधिकारी से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

महिला ने शोर मचा दिया। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड मौके पर पहुंचे और आरोपी को दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।

महिला ने सेक्टर-39 थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने कहा- मैं जिला अस्पताल के महिला वार्ड में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। इस समय महिला की ड्यूटी रात में चल रही है।

### लगातार करता रहा बदसलूकी

महिला ने कहा- सोमवार देर रात मनोज शर्मा नाम का व्यक्ति मेडिसिन के महिला वार्ड में आया। वह शराब के नशे में धुत था। मनोज बार-बार महिला को वार्ड के पीछे चलने को बोल रहा था।

महिला ने जब मना किया तो उसने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती वार्ड के पीछे ले जाने लगा।



किसी तरह से महिला ने खुद को आरोपी से छुड़ाया। इसके बावजूद वह लगातार छेड़खानी और बदसलूकी किए जा रहा था। शोर शराब सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगा।

### अरोपी यूट्यूबर है पहले भी कर चुका परेशान

इसी दौरान वार्ड प्रभारी और सिक्योरिटी गार्ड आ गए और आरोपी को दबोच लिया। नशे में उसने सिक्योरिटी गार्ड के साथ भी अभद्रता की। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन के घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ ले गई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी यूट्यूबर है और पूर्व में भी अस्पताल के स्टॉफ को परेशान कर चुका है।

# शार्ट न्यूज

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार शाम को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। दूसरे की हालत भी गंभीर है। फेज-2 थाना प्रभारी ने बताया कि 35 वर्षीय विजेंद्र और 29 वर्षीय अंकुर मंगलवार शाम को सेक्टर-83 मेट्रो स्टेशन के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण विजेंद्र और अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर भाग गया। लोगों ने युवकों को सड़क पर तड़पते देखा तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद राहगीरों की मदद से घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान अंकुर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बारे में उसके परिजनों को भी जानकारी दे दी गई है। विजेंद्र की हालत भी नाजुक है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## फव्वारे और फ्रिज ट्रे में मच्छरों के लार्वा मिले

**नोएडा।** मलेरिया विभाग के निरीक्षण में बुधवार को ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी के फाउंटेन में मच्छरों के लार्वा मिले। इस सोसाइटी में डेंगू के दो मरीज मिले हैं। मलेरिया विभाग की टीम ने दो अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया। लार्वा और मच्छरों के पनपने के स्थान मिलने पर नोटिस भी जारी किए। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की रॉयल नेस्ट सोसाइटी में दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गई। लिहाजा मलेरिया विभाग की टीम ने सोसाइटी का निरीक्षण किया। सोसाइटी के परिसर में स्थित फाउंटेन के निचले हिस्से में कई दिनों से पानी भरा था। पानी में मच्छरों के लार्वा मिले हैं।दो लोगों में बीमारी का कारण फाउंटेन में पनपने वाले मच्छरों को माना जा रहा है। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-9 में टीम ने निरीक्षण किया। यहां 48 झुग्गियों का निरीक्षण किया गया। चार घरों में पानी के बर्तन में लार्वा मिले। वहीं सूरजपुर के 30 से अधिक घरों के निरीक्षण में चार में मच्छरों के लार्वा मिले। पानी के बर्तनों के अलावा फ्रिज ट्रे में भी लार्वा मिले। तीनों स्थानों पर नोटिस जारी कर लार्वा पनपने के स्थान खत्म करने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी बार लार्वा मिलने की स्थिति में जुर्माना लगेगा।

## जिला अस्पताल में मलेरिया के तीन मरीज मिले

**नोएडा।** जिला अस्पताल परिसर में रहने वाले तीन लोगों में मलेरिया की पुष्टि हुई है। इसमें एक बच्ची भी शामिल है, जिसका इलाज चल रहा है। बच्ची की हालत स्थिर है। अस्पताल परिसर में रहने वाले लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर गंदगी है। यही कारण है कि मच्छर पनप रहे हैं। वहीं इस महीने जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले 24 मरीजों में मलेरिया की पुष्टि की गई है, जबकि 13 डेंगू के मरीज भी मिले हैं। इनमें से ज्यादातर स्वस्थ हो चुके हैं। कई का इलाज चल रहा है। जिला अस्पताल में 662 संदिग्धों की मलेरिया की जांच की गई।वहीं 527 डेंगू के संदिग्ध मरीजों की जांच की जा चुकी है। अस्पताल में प्रत्येक दिन 700 से अधिक मरीजों की विभिन्न बीमारियों की जांच की जा रही है। जिले में इस महीने से मलेरिया और डेंगू के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। सितंबर महीने से मरीजों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। अस्पताल के पैथोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. एचएम लवानिया ने बताया कि कुछ दिनों से मलेरिया और डेंगू की जांच संख्या बढ़ी है। मरीज भी मिल रहे हैं। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में मिले मलेरिया के मरीजों की जानकारी ली जाएगी। साथ ही अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने के बारे में बताया जाएगा।

## सड़क पर धूल उड़ने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की राइस चौकी से जलपुरा वाली सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे और उड़ती धूल वाहन चालकों के लिए परेशानी खड़ी कर रही। इसको लेकर कई बार लोगों द्वारा प्राधिकरण से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। ग्रेनो वेस्ट में रहने वाले अभिषेक ने बताया कि राइस चौकी से जलपुरा वाले रास्ते पर वाहनों का दबाव भी अधिक रहता है, लेकिन सड़क की हालत खराब होती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं और हर समय धूल उड़ती है, जिससे लोगों को वाहन चलाने में परेशानी होती है।धूल उड़ाने के कारण ज्यादा दूरी तक लोग नहीं देख पाते हैं, जिससे हादसों का खतरा भी रहता है। सड़क पर दृश्ता कम हो जाती है। कई बार आंखों में धूल भरने के कारण वहां नियंत्रित होकर गिर जाते हैं। टैक्जोन-4 में भी यही स्थिति-टैक्जोन-4 स्थित सोसाइटी के लोग भी वाहनों की वजह से उड़ने वाली धूल से परेशान हैं। ला रेजीडेंशिया सोसाइटी के रहने वाले आशीष ने बताया कि सोसाइटी की सामने वाली सड़क से उड़ने वाली धूल से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ होती है।

## कृषकों के बुढ़ापे की आर्थिक सुरक्षा कवच है, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना

लखनऊ। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते है। उनके उत्थान, सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा के लिए देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कई योजनायें संचालित की है। जिनमें प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना है, जिसके अंतर्गत किसानों को वार्षिक रु0 6000/- देते हुए किसानों को आर्थिक सम्बल प्रदान किया है। उसी तरह केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना आरम्भ किया है। जिसके अंतर्गत किसानों को 60 वर्ष के बाद रु0 3000/- मासिक, 36 हजार रूपये सालाना पेंशन दी जाती है। केन्द्र सरकार की इस योजना को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश में लागू कर किसानों को लाभान्वित कर रहे हैं। किसानों को वृद्धावस्था में किसी के सामने रूपयों के लिए हाथ न फैलाना पड़े, वे आत्मनिर्भर रहे, उनका मान-सम्मान बना रहे, सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है। प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के तहत प्रदेश के सभी किसान लाभ ले सकते हैं। जिन किसानों की आयु 18 से 40 वर्ष तक है वे किसान इस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसान को प्रत्येक माह प्रीमियम जमा करना होगा।

# ग्रेटर नोएडा में चला बुलडोजर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को बिसरख के डूब क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने बुल्डोजर चलाकर करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया। यह जमीन खसरा नंबर 112 और 113 पर थी।

जानकारी के मुताबिक, यहां कुछ लोग अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान तीन जेसीबी और दो डंपर का इस्तेमाल हुआ। एसीईओ सुमित यादव ने साफ चेतावनी दी कि अधिसूचित एरिया में बिना अनुमति या नक्शा पास कराए कोई भी निर्माण हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर लें। इस दौरान जीएम एके सिंह, ओएसडी रामनयन सिंह, वर्क सर्किल-3 के प्रभारी राजेश निम और नागेंद्र सिंह, प्रबंधक रोहित गुप्ता मौजूद रहे। पुलिस, प्रशासन और पीएसी की मदद से यह अभियान करीब दो घंटे तक चला।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**गौतमबुद्धनगर।** बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जनपद के सभी राजकीय विद्यालयों में योग्य एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर शीघ्र ही आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और किसी भी आपात स्थिति से निपटने की क्षमता विकसित करना है।



जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग, खेल विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को समुचित तरीके से विद्यालयों में संचालित करायें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के साथ-साथ छात्राओं को कानूनी जानकारी, हेल्पलाइन नंबर (1090, 112, 181 आदि) तथा त्वरित मदद के साधनों से भी अवगत कराया जाए। राजकीय विद्यालयों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु समय सारणी तय की जाए और इसे पाठ्यचर्या का नियमित हिस्सा बनाया जाए।

बैठक में एसीपी हैडक्वाटर कल्पना गुप्ता, खेल विभाग से वरिष्ठ कोच डॉक्टर परवेज अली, शिक्षा विभाग से जिला समन्वयक गौरव त्यागी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बादलपुर के प्रधानाचार्य डॉक्टर छवि सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ किसान दिवस का आयोजन

**गौतमबुद्धनगर।** जलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में किसान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील कृषकों ने सम्मिलित होकर कृषि से सम्बन्धित अपनी समस्याएँ अधिकारियों के समक्ष रखीं। बैठक में कृषि विभाग द्वारा विकास खण्ड स्तरीय राजकीय कृषि बीज भण्डार से वितरित की जा रही मिनी किट—दलहन, तिलहन एवं मोटे अनाज (ज्वार, बाजरा, रागी, साँवा, कोदो) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने मिनी नन्दिनी व नन्दिनी योजनाओं की जानकारी किसानों को उपलब्ध कराई। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त अवरुद्ध होने के कारणों पर चर्चा की गई तथा कृषकों को जानकारी दी गई कि किस प्रकार वह मृतक हुए किसान के पंजीकरण को कार्यालय में मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर बंद कर सकते हैं।




बैठक में अधिकांश किसानों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। साथ ही 04 कृषकों की कृषि यंत्र, खाद्य की अनुपलब्धता, नोएडा प्राधिकरण एवं वर्षा जल भराव से सम्बन्धित शिकायतों के समाधान हेतु कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई।

कृषि क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों सिंचाई, ऊर्जा, उद्यान, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन एवं एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी के अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक, गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने उपस्थित सभी कृषकों एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए किसान दिवस के सफल समापन की घोषणा की।

## स्कूल चपरासी के नाम पर लिया 5 लाख का लोन

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय के चपरासी के साथ उसके सहकर्मी ने धोखाधड़ी की है। पीड़ित पुष्पेंद्र कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पेंद्र कुमार कनारसी गांव का रहने वाला है। कुछ महीने पहले उनके सहकर्मी ने लोन लेने के लिए उन्हें गारंटर बनने को कहा। आरोपी ने धोखे से पुष्पेंद्र से जरूरी दस्तावेज ले लिए। इन दस्तावेजों का इस्तेमाल कर आरोपी ने बैंक से पौने पांच लाख रुपये का लोन निकाल लिया। आरोपी ने पीड़ित के चेक के जरिए पूरी रकम अपने खाते में ट्रांसफर करा ली। जब बैंक ने लोन की किस्त के लिए पुष्पेंद्र से संपर्क किया, तब उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# गौतम बुद्ध नगर में पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

## पैर में लगी गोली, बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसके गहने लूटे थे

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्ध नगर की बादलपुर पुलिस ने मुठभेड़ में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई, जिसे आरोपी घायल हो गया। घायल आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसके गहने लूटे थे।

घायल आरोपी की पहचान पप्पू उर्फ पप्पू मिस्त्री के रूप में हुई। वह अलीगढ़ के मुकुंदपुर का रहने वाला है। फिलहाल छपरौला में किराए के मकान में रह रहा था। 27 वर्षीय आरोपी के पास से एक तमंचा, कारतूस, सैमसंग मोबाइल और सोने के गहने बरामद किए हैं। ये गहने 3 अगस्त को छपरौला के विद्या वर्ल्ड स्कूल के पास रहने वाली बुजुर्ग महिला से लूटे गए थे।



आरोपी ने लूट के दौरान महिला का गला दबाकर हत्या कर दी थी।

पुलिस रोजा याकूबपुर के रेलवे फाटक के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया। वह नहीं रुका और जंगल की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी।

# नोएडा में एलिवेटेड का काम पूरा, अब नीचे बनेगी सड़क

## तीन महीने में हो जाएगी पूरी, सीएम करेंगे भंगेल एलिवेटेड का उद्घाटन; हजारों को होगा फायदा

नोएडा। दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) रोड पर बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड का काम पूरा हो चुका है। सितंबर में इसे आम लोगों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ इसका उद्घाटन कर सकते हैं। अब एलिवेटेड के नीचे करीब 4.6 किमी सड़क निर्माण शुरू कर दिया गया है। ये रोड एलिवेटेड निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसे तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा। इसका खर्च एलिवेटेड निर्माण के एग्रीमेंट में ही शामिल है। एलिवेटेड निर्माण के दौरान नीचे की सड़क पूरी तरह से टूट गई थी। इसका असर भंगेल बाजार पर पड़ रहा था। कई बार बाजार एसोसिएशन की ओर से भी यहां प्रदर्शन और प्राधिकरण को ज्ञापन दिया गया। थोड़ा बहुत काम होता था। इसके बाद निर्माण के चलते फिर काम रोक दिया जाता। ऐसे में अब पूरी तरह से सड़क का निर्माण तीन महीने में कर लिया जाएगा। इससे एलिवेटेड और नीचे से जाने वाले वाहन दोनों को फायदा हो जाएगा। जिन वाहनों को सलारपुर, भंगेल, अगाहपुर और अन्य गांव जाने है वो एलिवेटेड के नीचे से जा सकेंगे।



### लूप के लिए जारी होंगे टेंडर

इस एलिवेटेड रोड के लिए सेक्टर-49-107 चौराहे पर दोनों ओर दो-दो लूप बनाया जाना प्रस्तावित है। सेक्टर-37 से आकर सेवन एक्स सेक्टरों की ओर जाने के लिए हनुमान मूर्ति के पास लूप उतरेगा। इसी तरह सेवन एक्स से फेज टू की ओर से सूरजपुर की ओर जाने वालों के लिए लूप चढ़ाया जाएगा। इसके दूसरी तरफ सेक्टर-107 की ओर चढ़ने-उतरने के लिए लूप बनाए जाएंगे। इन लूप को बनाने के लिए अलग से टेंडर जारी किया जाएगा। इसे बनाने में करीब 45 करोड़ खर्च होंगे।

### 608 करोड़ रुपए किए जा रहे खर्च

यह परियोजना पहले से ही करीब तीन साल देरी से चल रही है। निर्माण में 608 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। यह एलिवेटेड रोड सेक्टर-41 अगाहपुर से फेज-टू के गंदे नाले के पास तक है। इसका काम जून 2020 में शुरू किया गया था। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एलिवेटेड रोड का निर्माण पूरा हो चुका है। एलिवेटेड के प्रत्येक कर्व पर कवरिंग शीट भी लगाई जाएगी। रोड पर दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### भंगेल एलिवेटेड एक नजर

डीएससी रास्ते पर अगाहपुर पेट्रोल पंप से एलईजेड तक करीब 4.5 किमी लंबी एलिवेटेड है।

इसके निर्माण में करीब 608.81 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

इसका निर्माण पूरा किया जा चुका है।

अप्रैल 2025 की इसकी डेडलाइन है।

हालांकि अभी इसमें समय लगेगा।

इसके निर्माण के बाद एलिवेटेड पर लूप बनाए जाएंगे इसके लिए अलग से टेंडर जारी होगा।

# रिहाइशी सोसाइटी में गॉर्ड ने युवक को पीटा

## सिर में लगे तीन टांके, घर में पत्नी से हुआ था विवाद, एक सिक्योरिटी गार्ड गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-77 अंतरिक्ष कैंबॉल सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। व्यक्ति की पीठ और हाथ-पैर में वोट के निशान है। उसके सिर में तीन टांके आए हैं। वजह सिर्फ ये थी कि परसों उसकी पत्नी से थोड़ा विवाद हो गया था और आवाज फ्लैट के बाहर जा रही थी। जिसकी शिकायत किसी अन्य ने सिक्योरिटी ऑफिस में की। वहां से सिक्योरिटी गार्ड ने व्यक्ति को फ्लैट से बाहर निकाला और मारपीट की। पीड़ित की शिकायत थाना सेक्टर-113 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी और एक गार्ड को गिरफ्तार किया है।

### पत्नी से हुआ था विवाद

सोसाइटी में हर्ष परिवार के साथ रहते हैं। हर्ष ने एक वीडियो जारी कर बताया कि परसों उसका पत्नी के साथ थोड़ा विवाद हो गया था। जिसके बाद कहासुनी होने लगी। शायद आवाज ज्यादा थी। इसलिए किसी ने सिक्योरिटी में बोल दिया। नीचे से उनके फ्लैट पर तीन-चार गार्ड आए और दरवाजा खोलने के लिए बोला। मैंने मना किया तो दरवाजा तोड़ने के लिए कहने लगे। दरवाजा खोलते ही एक सिक्योरिटी गार्ड ने मुझसे मारपीट शुरू कर दी। वो मुझे नीचे ले गए।



### लोहे की रॉड से सिर फोड़ा

वहां गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर चार गार्डों ने मेरे साथ मारपीट की। एक गार्ड ने लोहे की रॉड से सिर पर प्रहार किया। सिर में तीन टांके भी आए हैं। पुलिस से मामले की शिकायत की गई। पुलिस ने एक्शन लिया और एक गार्ड कृष्णा पुत्र अनिल निवासी शामपुर, थाना विधूना, जनपद औरैया को गिरफ्तार किया। बाकी तीन गार्ड की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पीड़ित का मेडिकल करवा दिया गया है।

# झांसी में पूर्व प्रधान ने गर्लफ्रेंड के किए 7 टुकड़े

**3 कुएं में डाले, बाकी नदी में फेंके; शादी का दबाव बना रही थी**

**झांसी।** झांसी में पूर्व प्रधान ने अपनी गर्लफ्रेंड की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश को 7 टुकड़ों में काटा डाला। 3 टुकड़े बोरियों में भरकर कुएं में फेंक दिए। बाकी टुकड़ों को 7 किलोमीटर दूर नदी में फेंक आया। 9 अगस्त को हुई इस वारदात में उसके 2 साथी भी शामिल थे।

इसके 4 दिन बाद 13 अगस्त को कुएं के अंदर 2 बोरियों में 2 टुकड़े मिले, तो सनसनी फैल गई। इसके बाद पुलिस की 18 टीमों ने मिलकर मामले की छानबीन की। तब जाकर मंगलवार को शव की शिनाख्त रचना यादव (35) के रूप में हो पाई।

इसके बाद पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए बुधवार को महेवा गांव के पूर्व प्रधान संजय पटेल और उसके भतीजे संदीप पटेल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने नदी के अंदर से महिला का सिर समेत अन्य बॉडी के पार्ट बरामद कर लिए। पुलिस ने संजय पटेल और संदीप पटेल को जेल भेज दिया है। अभी एक आरोपी प्रदीप उर्फ दीपक अहिरवार फरार है। 13 अगस्त को टोड़ीफतेहपुर थाना क्षेत्र



रचना यादव, मृतका

के किशोरपुरा गांव में रहने वाला विनोद पटेल अपने खेत पर गया था। उसके खेत में बने कुएं से तेज बदबू आ रही थी। विनोद ने कुएं में झांककर देखा, तो पानी में दो बोरियां तैर रही थीं। उसने तुरंत पुलिस और गांववालों को इस बारे में बताया। पुलिस ने लोगों की मदद से दोनों बोरियों को कुएं से बाहर निकलवाया।

एक बोरी में महिला का गर्दन से लेकर कमर तक का हिस्सा था। जबकि, दूसरी बोरी में कमर से लेकर जांघ तक का हिस्सा भरा था। महिला के हाथ-पैर और सिर गायब थे। इसके बाद कुएं को खाली करवाया गया। तब एक हाथ भी मिल गया।

लेकिन, बिना सिर के महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही थी। इसके बाद सोमवार (18 अगस्त) को पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया। फिर इस हत्याकांड की जांच करने के लिए पुलिस की 18 टीमें लगाई गईं। इसके बाद एक पुलिस टीम महेवा गांव पहुंची। वहां एक व्यक्ति ने बताया कि ये रचना यादव हो सकती है। रचना के बारे में जब पुलिस ने पता लगाया, तो वह मिसिंग थी।

### कार में गला घोंटा, फिर 7 टुकड़े कर दिए

9 अगस्त को संजय, संदीप और प्रदीप रचना को कार में बैठाकर घुमाने के बहाने से ले गए। संजय ने कार में भी उसे समझाया, लेकिन वो शादी की जिद पर अड़ गई। इसके बाद संजय ने कार के अंदर ही रचना का गला घोंट दिया।

फिर तीनों लाश को लेकर किशोरपुरा गांव में महेवा रोड पर लेकर पहुंचे। यहां विनोद पटेल के कुएं पर धारदार हथियार से रचना के शव के 7 टुकड़े किए। फिर अलग-अलग बोरियों में टुकड़े भर दिए।

साथ में बोरी में ईंट भी भरी, जिससे लाश पानी में शव ऊपर न आ पाए। इसके बाद 3 बोरियों को कुएं में डाल दिया। सिर, पैर समेत बॉडी के अन्य पार्ट 7 किलोमीटर दूर रेवन गांव के पास लखेरी नदी में फेंक दिए। इसके बाद तीनों अपने-अपने घर चले गए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

### क्षेत्र की समस्याओं को रखा गया, समाधान के निर्देश

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया।बैठक में राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने नगर की सड़कों के गड्ढे भरवाने, चौराहों एवं सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा को बेहतर करने की मांग की। जिला पंचायत अध्यक्षा डॉ. दलजीत कौर ने हरदोई नहर पर निर्माणाधीन पुल के कार्य को तेजी से पूरा कराने की बात कही ताकि आमजन को जाम की समस्या से राहत



मिल सके।वहीं विधायक पूरनपुर के प्रतिनिधि ऋतुराज पासवान ने आजाद नगर, श्रीनगर, नहरोसा, राणा प्रताप नगर आदि गांवों में शारदा नदी से हो रहे भूमि कटान की समस्या रखी और कटर लगवाकर समाधान की मांग की। इसके अलावा तहसील कलीनगर में रजिस्ट्री कार्यालय स्थापित करने की मांग भी उठाई गई। बैठक में विधायक बरखेड़ा के प्रतिनिधि डॉ. बांकेलाल गंगवार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## यूपी टी-20 लीग में गोरखपुर की पहली जीत

**लखनऊ।** यूपी टी-20 लीग में गौर गोरखपुर लॉयंस ने पहली जीत दर्ज की।गोरखपुर टीम ने आसानी से नोएडा किंग्स को 14 रन से पराजित किया। गोरखपुर के 188 रनों के जवाब में नोएडा की टीम 172 रन बना सकी। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में नोएडा किंग्स के कप्तान शिवम चौधरी ने टॉस जीता और गोरखपुर को बल्लेबाजी का मौका दिया। नोएडा के तेज गेंदबाजों ने 30 रन पर दो विकेट ले लिये। अनुभवी बल्लेबाज अक्षदीप नाथ ने एक छोर संभाला और 33 गेंदों पर चार चौके, एक छक्के की सहायता से 42 रन की पारी खेली। प्रिंस यादव (12 गेंदों पर 28 रन), हरदीप सिंह (16 गेंदों पर 30 रन) और शिवम शर्मा (13 गेंदों पर नाबाद 25) ने उपयोगी पारियां खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# दो अक्टूबर, को छात्र/छात्राओं को मिलेगी छात्रवृत्ति की धनराशि

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 में 02 अक्टूबर 2025 को वृहद स्तर छात्रवृत्ति वितरण के निर्देश प्रदान किये गये है। जनपद की शिक्षण संस्थायें कक्षा-9,10,11 एवं 12 के छात्र/छात्राओं के छात्रवृत्ति डाटा को 31 अगस्त 2025 तक अग्रसारित किया जायेगा एवं दिनांक 07 सितम्बर, 2025 तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा छात्र संख्या एवं सीट संख्या को सत्यापित करते है। ताकि छात्रवृत्ति डाटा को राज्य सूचना विज्ञान केन्द्र लखनऊ एवं जिला स्तरीय स्वीकृति समिति के समक्ष 25 सितम्बर 2025 तक प्रस्तुत किया जा सके। जनपद की समस्त शिक्षण संस्थान अपने नोटिस बोर्ड पर छात्रवृत्ति समय सारिणी को अनिवार्य रूप से चस्पा करना सुनिश्चित कर दें, ताकि कोई पात्र छात्र/छात्रा जानकारी के अभाव में इस योजना से वंचित न रह सके। छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में बैंक खाता का विवरण सावधानी से अंकित किया जाये। छात्रवृत्ति का प्रेषण आधार बेस्ड पेयमेण्ट सिस्टम के माध्यम से किया जाता है। बैंक खाते में 03 माह से अधिक तक लेन-देन न करना, बैंक खाता में अधिकतम धनराशि की सीमा निर्धारित होना, एक से अधिक बैंक खाते होने पर एक खाता में आधार डिसीडेड होना, बैंक खाता इन ऑपरेटिव होना, आदि ऐसे कारण है, जिससे छात्रवृत्ति की धनराशि प्रेषित करने पर ट्राजेक्शन फेल हो जाता है। शिक्षण संस्थायें समस्त छात्र/छात्राओं को इस सम्बन्ध में अवश्य जागरूक कर दें, कि वह एक ही बैंक अन्यथा कि स्थिति में छात्र/छात्रायें छात्रवृत्ति योजना के लाभान्वित होने से वंचित हो सकते है।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**पीलीभीत।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर मंगलवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शहर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि राजीव गांधी एक दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने युवाओं को तकनीक और विकास की दिशा में नई उड़ान दी। लोकतंत्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और देशभक्ति सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेगी। शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को वोट का अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की थी, ताकि युवा समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा सकें।कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सैयद तौकीर अहमद, नरेश शुक्ला, छात्र कांग्रेस अध्यक्ष राजेश वर्मा, राकेश वर्मा, हरीश मौर्य, कुंवरसेन पासवान, मोहम्मद इरफान, सैयद मुशीर अहमद, जीशान अहमद, नफीसा बी, आरिफ कमल, कुमार गौड़, इश्तियाक अहमद अंसारी, लेखराज राठौर, संजीव कुमार, हरिशंकर व पुष्पेंद्र शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के मेहनाजपुर थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को पिकअप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रतिबंधित पशुओं को पिकअप पर लादकर गोवध करने के लिए ले जा रहे थे। इसी बीच इस मामले की सूचना गांव के लोगों ने पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों की पहचान बलवंत यादव और सोहराब के रूप में हुई हैं। बलवंत यादव और सोहराब दोनों तरवा थाना क्षेत्र के रहने वाले है। जिले में प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। कई मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। जबकि कई मामले में अभी आरोपी फरार हैं।

# वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में अक्षय ऊर्जा दिवस धूमधाम से मनाया गया

**पीलीभीत।** समाधान आईएपीटी के तत्वावधान में वीरांगना अवंती बाई जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में अक्षय ऊर्जा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जागरूकता समूह परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सद्भावना दिवस एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती को भी समर्पित किया गया। भौतिक विज्ञान प्रवक्ता कीर्ति सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जलविद्युत, भूतापीय ऊर्जा और जैव ऊर्जा जैसी अक्षय ऊर्जा के विभिन्न स्रोत पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी एक-दूसरे की पूरक हैं, जो जलवायु परिवर्तन से निपटने, आर्थिक सुधार और स्वास्थ्य संरक्षण में भी सहायक हैं। कार्यक्रम की समन्वयक लक्ष्मी



जान शर्मा ने बताया कि भारत अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व को मार्गदर्शन देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय सौर मिशन और हरित भारत जैसे सरकारी अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने 2022 तक 175 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं आंचल, सृष्टि और धारा सोलंकी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त किए। प्रश्नोत्तरी और पोस्टर प्रतियोगिता का सफल संयोजन शालिनी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि अक्षय ऊर्जा और हरित प्रौद्योगिकी राष्ट्र के सतत विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं जागरूक होकर समाज को भी अक्षय ऊर्जा के उपयोग के लिए प्रेरित करें। अंत में समाधान आईएपीटी अंवेशिका के प्रयासों की सराहना करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# विश्व मच्छर दिवस जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया

**ललितपुर ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद की अध्यक्षता में विश्व मच्छर दिवस मनाया गया। गोष्ठी में जिला मलेरिया अधिकारी श्री अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने विश्व मलेरिया दिवस मनाये जाने के कारणों एवं उसकी प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से बताया एवं इसके साथ ही उन्होनें मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि के कारण लक्षण और बचाव के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक समझाया। गौष्ठी में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ0 सौरभ सक्सेना ने



बताया कि डेंगू बुखार एक वायरल बुखार है, जिसमें बुखार के साथ कुछ लक्षण जैसे- बुखार के साथ तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में दर्द, आँखो के पीछे दर्द, त्वचा पर चकत्ते पड़ना एवं उल्टी आदि भी हो सकते साथ ही बुखार आने पर घबराएं नहीं तथा रोगी को निकट के सरकारी अस्पताल में निःशुल्क उपचार दिलवायें। बुखार उतारने के लिए एवं अन्य दवाईयां चिकित्सक की सलाह से ही लें। सभी सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क जॉच की सुविधा उपलब्ध है। इसमें विशेष रूप से प्लेटलेट्स कम होने पर ही स्थिति बिगड़ने की सम्भावना होती है। बुखार आने पर किसी भी नीम हकीम से उपचार न लें। केवल प्रशिक्षित चिकित्सक से ही उपचार करायें। डेंगू एडीज एजिप्टाई मच्छर द्वारा काटने से होता है, इस मच्छर पर काली सफेद धारियां होती हैं, इसलिए इसे टाइगर मॉस्कीटो भी कहते हैं। डेंगू फैलाने वाला मच्छर रूके हुए साफ पानी में पनपता है। अत: घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। पानी की टंकी, कूलर, पशु पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन, फ्रिज की ट्रे, गमले आदि का पानी नियमित रूप से बदलते रहें।

# किसान दिवस का हुआ आयोजन



**ललितपुर ।** मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार ललितपुर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा आगामी रबी में सिचाई की व्यवस्था हेतु जनपद के सभी बाधों में शतप्रतिशत पानी भरने की व्यवस्था तथा 15 अक्टूबर तक नहरें चालू कराने की मांग की गयी। कृषकों द्वारा मांग की गयी कि मण्डी का कियान्वयन 6 कार्य दिवसों का रखा जाये ताकि कृषकों का अनाज सही समय पर कय किया जा सके। कृषकों द्वारा वर्तमान खरीफ में हुई अतिवृष्ट के कारण नष्ट हुई फसलों की ससमय सर्वे रिपोर्ट शासन को प्रेषित करते हुये जनपद को आपदा ग्रस्त घोषित कराते हुये कृषकों को राजस्व तथा बीमा कम्पनी द्वारा उचित मुआवजा दिलाये जाने हेतु ज्ञापन सौपा गया। कृषकों द्वारा सहकारिता विभाग, पशुपालन विभाग, अग्रणी बैंक, विजली विभाग, सिचाई विभाग से सम्बन्धित समास्यों के बारे में अवगत कराया गया जिनका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसान दिवस में कृषकों द्वारा उठाई गयी समस्या का निस्तारण करते हुये आगामी किसान दिवस में स्वयं उपस्थित हो तथा किसी भी परिस्थिति में अनुपस्थिति स्वीकार्य नहीं की जायेगी। राजीव भारती जिला कृषि अधिकारी द्वारा आगामी समय में खाद एवं बीज आपूर्ति हेतु आश्वासन दिया गया तथा बीज गोदामों पर उपलब्ध कीटनाशकों की जानकारी देते हुये कृषकों को उनकी उपयोगिता के बारे में अवगत कराया गया। किसान दिवस में दीपक यादव परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास, भगवान सिंह मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डा0 मुकेशचन्द्र, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र, रंजीत कुमार, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, डी0के0 सुहेरा अधिशाषी अभियंता सिंचाई आदि विभाग के अधिकारीगण एवं कृषक पहाड सिंह यादव, आनन्द देवलिया, राजपाल यादव, आशीष कौशिक, ऊदल पटेल, नवनीत शर्मा, जगदीश प्रसाद, बाबूलाल दुबे आदि उपस्थित रहे।

# अभद्र टिप्पणी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** पुलिस ने सोशल मीडिया पर विशेष समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सुनील कुमार के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली ललितपुर व थाना साइबर क्राइम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना साइबर क्राइम पर पंजीकृत मु0अ0सं0 29/25 धारा 352 बी0एन0एस0 व



66सी/67 आईटी एक्ट में वांछित अभियुक्तगण पवन पुत्र प्रकाश उम्र करीब 18 वर्ष, संजय पुत्र प्रकाश उम्र करीब 19 वर्ष नि0गण रघुनाथपुरा थाना कोतवाली ललितपुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम साइबर क्राइम मय टीम प्रभारी निरीक्षक मय टीम आदि शामिल रहे।

## मुख्तार के बेटे अब्बास की विधायकी बहाल होगी

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे अब्बास को हेट स्पीच केस में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। बुधवार को हाईकोर्ट के जस्टिस समीर जैन ने मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें अब्बास को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। हाईकोर्ट के फैसले पर लीगल एक्सपर्ट का कहना है कि अब अब्बास अंसारी की विधायकी बहाल होगी। मामला 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। अब्बास सुभासपा के टिकट पर मऊ की सदर सीट से चुनाव लड़ रहे थे।

# शार्ट न्यूज

## औद्योगिक विकास में उत्तर प्रदेश की बड़ी छलांग निवेश के लिए सबसे पसंदीदा राज्य के रूप में उभरा यूपी

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक और अवस्थापना विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधार, पारदर्शी व्यवस्था और विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था और बिजली आपूर्ति में सुधार, इन्वेस्ट यूपी के तहत निवेश सारथी, निवेश मित्र और ऑनलाइन प्रोत्साहन-लाभ प्रबंधन प्रणाली जैसी डिजिटल सुविधाओं ने निवेश प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया है। इससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और राज्य एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित हुआ है। राज्य में एक्सप्रेसवे नेटवर्क, वायु व जलमार्ग कनेक्टिविटी और रेल नेटवर्क का तीव्र विकास हो रहा है। प्रयागराज से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग-1, वाराणसी मल्टी-मोडल टर्मिनल और अन्य टर्मिनल प्रदेश को लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नई ऊंचाई दे रहे हैं।यमुना, आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे समेत कई आधुनिक एक्सप्रेसवेज यातायात को सुगम बनाकर औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापार के अवसर बढ़ा रहे हैं।

## मनिहारी व्लाक के मलिकपुरा, जंगीपुर, हंसराज पुर बाजारों में खुलेआम यूरिया खाद की कालाबाजारी

### अधिकारी प्राइवेट दुकानदारों की जांच करने में करते हैं कोताही

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** हमारा देश कृषि प्रधान देश है फिर भी किसानों को खाद बीज के लिए दर दर की ठोकरें खाने पड़ते हैं, मजेदार बात यह कि अधिकारियों द्वारा बार बार घोषणा की जाती है की जनपद में यूरिया, डीएपी खाद बहुत मात्रा में उपलब्ध है मगर मनिहारी व्लाक में लगभग चौदह साधन सहकारी समितियां है जिसमें कुछ बंद पड़ी है और जो कुछ चालू भी है तो उन समितियों पर एक बार से ज्यादा डीएपी व यूरिया खाद नहीं बांटे गये है जिसके वजह से सभी किसानों को खाद बीज समय पर उपलब्ध नहीं हो सका है जो किसानों को महंगे दरों पर हंसराज पुर, मलिकपुरा मधुबन,सिखडी, बुजुर्गी, जखनियां, जंगीपुर जैसे बड़ी बाजारों में खुलेआम,तीन सौ पचास रुपए प्रति बोरी बेचा रहा, लगता है कि अधिकारी कालाबाजारी करने के लिए छूट दे रखें है जांच तक करने नहीं आते,अगर जांच होती तो आज यूरिया खाद की कालाबाजारी नहीं होता, अधिकारी को पता होता है किन किन दुकानदारों के पास उपलब्ध है खाद मगर एसा नहीं हो रहा है।

## फर्जी डॉक्यूमेंट से नौकरी करने वाले 22 शिक्षक बर्खास्त

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा के बाद माध्यमिक शिक्षा में भी फर्जी डॉक्यूमेंट के सहारे नियुक्तियों का मामला सामने आया है। जिसके आधार पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने जांच कराई। इस जांच में अभी तक 22 शिक्षकों ने फर्जी डॉक्यूमेंट के सहारे नौकरी हासिल की थी। इन सभी 22 शिक्षकों को बर्खास्त किया गया है। इसके साथ ही इन शिक्षकों के वेतन से रिकवरी करने के साथ ही इन सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। बर्खास्त होने वाले 22 शिक्षकों में आठ शिक्षक आजमगढ़ मंडल के अंतर्गत आजमगढ़ मऊ बलिया के हैं। जबकि सात शिक्षक बाराबंकी के हैं। इसके साथ ही जौनपुर जिले का एक शिक्षक जबकि मिर्जापुर का भी एक ही शिक्षक है। कानपुर देहात और सहारनपुर के एक-एक शिक्षक है जबकि लखनऊ के दो शिक्षक जबकि एक शिक्षक बुलंदशहर का है। आजमगढ़ मऊ के तीन-तीन शिक्षक जबकि बलिया के दो शिक्षक हैं।

## पत्नी से विवाद के बाद राजमिस्त्री फंदे पर झूला

**मेरठ।** मेरठ के टीपीनगर इलाके में पत्नी से मनमुटाव के बाद एक राजमिस्त्री फंदे पर झूल गया। परिवार को पता चला तो वह उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए लेकिन तब तक वह दम तोड़ चुका था। पुलिस मामले से अनभिज्ञता जता रही है। टीपीनगर थाना क्षेत्र के भोला रोड गली नंबर पांच में 40 वर्षीय सोनू परिवार के साथ रह रहा था। वह राजमिस्त्री का काम करता था। हर रोज की तरह बुधवार सुबह भी वह काम पर चला गया। शाम को काम पर से वापस आया और अपने कमरे में चला गया। काफी देर बाद भी जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो परिवार के कुछ लोग उसके कमरे पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। काफी देर दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों को शक हुआ। उन्होंने खिड़की खोलकर देखा तो सोनू का शव फंदे के सहारे लटका हुआ था। परिवार में कोहराम मच गया। किसी तरह दरवाजा खोलकर परिजन सोनू को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण को बढ़ावा

**लखनऊ।** लखनऊ में उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व विभाग ने 10 दिवसीय पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। इस पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पूर्व महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने कहा कि पुरातत्व केवल उत्खनन या सर्वेक्षण तक सीमित नहीं है। यह सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का दायित्व भी है। उन्होंने घरों में उपयोग होने वाले सिल्ले-बट्टे और भित्तिचित्रों को भी संस्कृति का हिस्सा बताया। पाठ्यक्रम को देशभर से शानदार प्रतिभाग मिला है। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली से लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। कुल 550 से अधिक लोगों ने पंजीकरण किया। सीमित स्थान होने के कारण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 300 प्रतिभागियों को चुना गया।

## सहकारी आवास समिति में भ्रष्टाचार का खुलासा

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति के मामले में महत्वपूर्ण आदेश दिए हैं। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने समिति द्वारा किए गए जमीन आवंटन की जांच के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने न्यायालय को बताया कि वह इस मामले में एफआईआर दर्ज करेगी। कोर्ट ने कहा कि जरूरत पड़ने पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जाए। सभी कार्रवाई की रिपोर्ट 16 सितंबर को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है। यह मामला समिति की कार्यकारिणी से जुड़ा है। वर्तमान कार्यकारिणी ने याचिका दाखिल कर मांग की थी कि उन्हें काम करने दिया जाए। साथ ही पुरानी कार्यकारिणी को रोका जाए। जांच में पता चला कि यह समिति एससी-एसटी वर्ग के हित के लिए बनाई गई थी। पिछली कार्यकारिणी पर आरोप है कि उन्होंने नियमों के विपरीत कुछ सदस्यों को अधिक जमीन आवंटित की। इतना ही नहीं, एससी-एसटी वर्ग से बाहर के लोगों को भी जमीनें दे दी गईं।

## फंदे से लटका मिला युवक का शव

**पीलीभीत।** पीलीभीत के थाना गजरौला क्षेत्र में एक युवक ने आत्महत्या कर ली। बुधवार को डायल 112 पुलिस को गश्त के दौरान बंजरिया गांव में तालाब के पास एक पेड़ पर युवक का शव लटका मिला। मृतक की पहचान बंजरिया जमुनिया निवासी 22 वर्षीय अरुण के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, अरुण मंगलवार की शाम को खाना खाकर घर में सो गया था। परिवार के अन्य सदस्य ऊपर के कमरे में सो रहे थे। रात में वह घर से निकला और आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही थाना गजरौला पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची। परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं। थाना प्रभारी गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से मौत का सही कारण पता चलेगा। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मूसलाधार बारिश से बेहाल पाकिस्तान, 700 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान इस समय अपने इतिहास की सबसे भयंकर मानसूनी बारिश का सामना कर रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जून के अंत से लगातार बारिश, बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में अब तक कम से कम 700 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 1,000 लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की जानकारी के मुताबिक, 26 जून से अब तक हुई इन आपदाओं में मारे गए लोगों में 171 बच्चे और 94 महिलाएं शामिल हैं। सभी प्रांतों में खैबर-पख्तूनख्वा (के-पी) सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, जहां 390 लोगों की जान गई है। इसमें 288 पुरुष, 59 बच्चे और 43 महिलाएं शामिल हैं।

### ट्रम्प बोले- गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए हमास को पूरी तरह खत्म करना होगा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि गाजा में बचे हुए बंधकों को रिहा कराने के लिए हमास को पूरी तरह खत्म करना होगा। उन्होंने यह बयान अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दिया। ट्रम्प ने कहा कि जितनी जल्दी हमास को खत्म किया जाएगा, सफलता की संभावना उतनी ज्यादा होगी। ट्रम्प ने यह यह भी दावा किया कि उन्होंने पहले सैकड़ों बंधकों को इजराइल और अमेरिका में रिहा करवाया था। ट्रम्प ने जोर देकर कहा- मैं ही था जिसने सिर्फ 6 महीनों में 6 युद्ध खत्म किए। मैं ही था जिसने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को तबाह किया। जीतने के लिए खेलो, या बिल्कुल न खेलो।

### ताइवान के पास चीन की सैन्य गतिविधि तेज

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने मंगलवार सुबह 6 बजे तक 10 चीनी सैन्य विमान और 6 नौसैनिक जहाजों की गतिविधि अपने आसपास दर्ज की। मंत्रालय के अनुसार, इनमें से दो विमान ताइवान की उत्तरी वायु पहचान क्षेत्र में दाखिल हुए और मध्य रेखा को पार कर गए। ताइवान ने कहा कि उसकी सेना ने स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी और आवश्यक प्रतिक्रिया दी। हाल के महीनों में चीन ने ताइवान के पास सैन्य गतिविधि तेज की है। ताइवान लगातार कहता रहा है कि ऐसे कदम क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा हैं। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को स्वतंत्र राष्ट्र कहता है। यह गतिविधि दोनों देशों के बीच तनाव को और बढ़ा रही है।

### ब्रिटेन : हमले के बाद भारतीय मूल के चार युवकों पर मुकदमा

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में हुए हथियारबंद हमले के मामले में भारतीय मूल के चार युवकों पर हिंसक उपद्रव का आरोप लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह बिल्स्टन के आर्बर ड्राइव में धारदार हथियारों से लैस लोगों के बीच झड़प हुई थी। हरदीत सिंह (28), हरप्रीत सिंह (25), मुकेश कुमार (30) और लखविंदर सिंह (26) को वॉल्वरहैम्प्टन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। झड़प में तीन लोग घायल हुए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से दो को जमानत पर रिहा किया गया है। चारों आरोपियों पर हिंसक उपद्रव, घायल करने और हथियार रखने का आरोप है। पुलिस ने घटनास्थल से एक बंदूक भी बरामद की है।

### एअर कनाडा के 10,000 फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल अवैध घोषित

**कनाडा, एजेंसी।** कनाडा औद्योगिक संबंध बोर्ड ने सोमवार को एअर कनाडा के 10,000 फ्लाइट अटेंडेंट्स की हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया। उन्हें काम पर वापस लौटने का भी आदेश दिया। दरअसल, उन्होंने काम पर लौटने और मध्यस्थता के लिए प्रस्तुत होने के पहले के आदेश की अनदेखी की थी। कनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन की हड़ताल सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रही। एअर कनाडा ने रविवार को परिचालन फिर से शुरू करने की योजना स्थगित कर दी थी, क्योंकि यूनियन ने काम पर लौटने के आदेश की अवहेलना की और कहा कि कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटेंगे।

# नॉर्वे के राजकुमार होइबी पर 32 अपराधों में केस दर्ज, इनमें 4 रेप के मामले

**लंदन, एजेंसी।** नॉर्वे के 28 साल का राजकुमार मारियस बोर्ग होइबी इन दिनों यूरोप में सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसके पीछे जो वजह है, उसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। राजकुमार होइबी पर रेप के चार मामलों के साथ-साथ कई यौन हिंसा के भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। होइबी यहां की राजकुमारी मेटे-मैरिट के बेटे हैं और राजसिंहासन के उत्तराधिकारी राजकुमार हाकोन के सौतेले बेटे हैं। पिछले एक साल से उनके खिलाफ पुलिस की जांच जारी थी। सोमवार को उन्?हें कोर्ट में पेश किया गया।

राजकुमार ने किए 32 अपराध : बदनाम प्रिंस पर बलात्कार, यौन उत्पीड़न और शारीरिक तौर पर नुकसान पहुंचाने के 32 अपराधों का आरोप हैं। चौंकाने वाले दावों में सेक्?स के दौरान रेप का एक मामला, सेक्?स के बिना दो मामले, यौन उत्पीड़न के चार मामले और शारीरिक क्षति के दो मामले शामिल हैं। सभी मामलों में, उसने महिलाओं पर सोते समय हमला किया। होइबी पर अपनी पूर्व पार्टनर नोरा हॉकलैंड के साथ दुर्व्यवहार और एक और गर्लफ्रेंड के



साथ हिंसक व्यवहार करने का भी आरोप है।

### मामला बेहद गंभीर है

सोमवार को उनके खिलाफ अभियोग पेश करते हुए राज्य अटॉर्नी स्टर्ला हेनरिक्सबो ने कहा, यह मामला बेहद गंभीर है। करीबी संबंधों में रेप और हिंसा बेहद गंभीर अपराध हैं जो पूरी जिंदगी के लिए निशान छोड़ सकते हैं और जीवन को खत्?म भी कर सकते हैं।

अभियोजक ने आगे कहा, मारियस बोर्ग होइबी शाही परिवार का सदस्य है, इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि उसके साथ उतना हल्का या कठोर बर्ताव किया जाना चाहिए जितना कि इसी मामले के दूसरे दोषियों के साथ होते हैं।

### अब होगी 10 साल की सजा

उन्होंने एनआरके को बताया कि जनवरी में छह हफ्ते की सुनवाई के बाद राजकुमार को दस साल की जेल हो सकती है। पिछले साल इस मामले के सामने आने के बाद होइबी को बलात्कार, हिंसा और आपराधिक क्षति के प्रारंभिक आरोपों के साथ बार-बार गिरफ्तार किया गया था। जांचकर्ताओं का कहना है कि सबूतों में टेक्स्ट संदेश, गवाहों के बयान और पुलिस तलाशी से मिली जानकारी शामिल है। सीबीएस की रिपोर्ट के अनुसार, राजकुमार ने पूछताछ के दौरान पुलिस के साथ सहयोग किया। होइबी की कोई आधिकारिक सार्वजनिक भूमिका नहीं है और उनका जन्म उनकी मां के 2001 में नॉर्वे के शाही परिवार में विवाह से पहले हुआ था।

## कैलिफोर्निया में इमिग्रेशन रोक के दौरान गोलीबारी

**सैक्रामेण्टो, एजेंसी।** अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग (डीएचएस) ने बताया कि एक संघीय एजेंट ने उस वक्त गोली चलाई जब एक ड्राइवर ने इमिग्रेशन जांच के दौरान कार की खिड़की खोलने से इनकार कर दिया। साथ ही गाड़ी तेजी से भगाकर भाग गया। डीएचएस के मुताबिक, भागते वक्त उस ड्राइवर ने दो सीमा शुल्क और सीमा गश्ती (सीबीपी) एजेंटों को टक्कर मार दी। इसके बाद एक एजेंट ने आत्मरक्षा में गोली चलाई। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी। एजेंटों को चोट लगी या नहीं, इस बारे में डीएचएस ने कोई जानकारी नहीं दी। डीएचएस ने कहा कि वे एक लक्षित प्रवर्तन अभियान चला रहे थे, लेकिन यह नहीं बताया कि वे उस ड्राइवर को क्यों रोकना चाहते थे।

इमिग्रेशन अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठन इनलैंड कोलिशन फॉर इमिग्रेंट जस्टिस के प्रमुख जेवियर हर्नांडेज ने बताया कि उन्होंने ड्राइवर के परिवार से बात की। 43 वर्षिय ड्राइवर मैक्सिको का रहने वाला है। पिछले 23 वर्षों से अमेरिका में रह रहा है, लेकिन उसके पास कानूनी दस्तावेज नहीं हैं। गाड़ी में उसका 18 साल का बेटा और 23 साल का दामाद भी था, जो अमेरिकी नागरिक हैं।बता दें कि घटना का कुछ हिस्सा वीडियो में रिकॉर्ड हुआ है, जिसमें एजेंटों ने मास्क और पुलिस लिखी वर्दी पहन रखी है। एक एजेंट की टोपी पर सीबीपी लिखा हुआ है। डीएचएस ने बताया कि वे गाड़ी के पास आकर ड्राइवर से खिड़की नीचे करने को कहते हैं, लेकिन वह मना कर देता है।

# भारतीय मूल की कृषांगी मेश्राम 21 साल की उम्र में ब्रिटेन की सबसे युवा सॉलिसिटर बनीं

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की विधि स्नातक कृशांगी मेश्राम हाल के वर्षों में इंग्लैंड और वेल्स की सबसे कम उम्र की सॉलिसिटर बन गई हैं। वह 21 वर्ष की हैं। पश्चिम बंगाल में पली-बढ़ी और वर्तमान में संयुक्त अरब अमीरात में रह रहीं सुश्री मेश्राम ने 15 वर्ष की आयु में मिल्टन कीन्स स्थित ओपन यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई शुरू की। उन्होंने 18 वर्ष की आयु में कानून में प्रथम श्रेणी ऑनर्स की डिग्री हासिल कर ली। सुश्री मेश्राम ने विश्वविद्यालय को इसका श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ÷मैं ओपन यूनिवर्सिटी की बहुत आभारी हूँ कि उसने मुझे 15 साल की उम्र में एलएलबी की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया। अपनी पढ़ाई के दौरान ही मैंने न सिर्फ़ अपने क़ानूनी करियर की अकादमिक नींव रखी, बल्कि क़ानून के प्रति एक गहरा और स्थायी जुनून भी पाया।÷ ओपन यूनिवर्सिटी ने इस सप्ताह के शुरू में ÷लॉ ग्रेजुएट कृशांगी ने एक बार फिर इतिहास रचा÷ शीर्षक से एक फीचर में उनकी उपलब्धि के बारे में बताया।



**कृषांगी मेश्राम कौन हैं? :** कृषांगी मेश्राम का जन्म पश्चिम बंगाल में हुआ और वे राज्य के इस्कॉन मायापुर समुदाय में पली-बढ़ीं। उन्होंने 15 साल की उम्र में मायापुर के एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल से अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की।

इसके बाद, उन्होंने ओपन यूनिवर्सिटी (ओयू) में कानून की डिग्री के लिए दाखिला लिया और तीन साल में अपनी डिग्री पूरी कर ली।

18 साल की उम्र में, उन्होंने प्रथम श्रेणी ऑनर्स डिग्री के साथ लॉ में स्नातक की उपाधि प्राप्त की, और ओयू लॉ की अब तक की सबसे कम उम्र की स्नातक बन गईं। 2022 में, उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय लॉ फर्म में नौकरी मिल गई।

उन्होंने हार्वर्ड ऑनलाइन में वैश्विक कार्यक्रमों में भी भाग लिया है और सिंगापुर में कार्य करते हुए पेशेवर अनुभव प्राप्त किया है। सुश्री मेश्राम वर्तमान में यूके और यूएई में कानूनी अवसरों की तलाश कर रही हैं। उनकी कानूनी रुचि के क्षेत्रों में फिनटेक, ब्लॉकचेन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वसीयत व प्रोबेट जैसी निजी ग्राहक सेवाएँ शामिल हैं।

वह व्यवसायों और निजी मुवक्किलों के लिए कानूनी सेवाओं में विशेषज्ञता हासिल करना चाहती हैं। उनकी दीर्घकालिक महत्वाकांक्षा यूके या यूएई की अग्रणी कानूनी फर्मों के साथ काम करना है, जहाँ उनका ध्यान उभरती डिजिटल तकनीकों और मुवक्किल-केंद्रित कानूनी सेवाओं पर केंद्रित होगा।

## न्यूयॉर्क के बार में फायरिंग, दो बदमाशों समेत तीन की मौत; वर्जिनिया में भी गोलीबारी, दो की जान गई, 3 जख्मी

**न्यूयॉर्क / वर्जिनिया, एजेंसी।** अमेरिका में रविवार और सोमवार को दो अलग-अलग गोलीबारी की घटनाओं ने दहशत फैला दी। न्यूयॉर्क सिटी और वेस्ट वर्जीनिया में हुई इन घटनाओं में कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए हैं। वहीं न्यूयॉर्क सिटी में हुई वारदात में दो फरार बदमाशों की तलाश की जा रही है।

**न्यूयॉर्क शहर के बार में फायरिंग :** न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन इलाके के टेस्ट ऑफ द सिटी लाउंज बार में रविवार सुबह हुई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो हमलावर भी शामिल थे। पुलिस ने बताया कि 35 वर्षीय जैमेल चाइल्ड्स और 19 वर्षीय मार्विन सेंट लुईस के बीच विवाद हुआ और कुछ देर बाद दोनों ने एक-दूसरे पर गोली चला दी। दोनों की अस्पताल में मौत हो गई। तीसरा मृतक 27 वर्षीय अमादू डायलो था, जिसे पुलिस ने निर्दोष और वारदात में शिकार स्थानीय बताया है।

**वारदात में कुल 14 लोग घायल, कोई गंभीर नहीं :** पुलिस के मुताबिक इस वारदात में कुल 14 लोग घायल हुए हैं, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी नहीं है। पुलिस ने बताया कि इस वारदात में शामिल दो अन्य शूटर अभी भी फरार हैं। वहीं पुलिस ने मौके से 42 से ज्यादा खोखे और एक हथियार बरामद किया है। मामले में मेयर एरिक एडम्स और अटॉर्नी जनरल लेटिटिया जेम्स ने सोमवार को पीड़ितों के लिए आयोजित प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया और लोगों से हिंसा छोड़ने की अपील की।

**वेस्ट वर्जीनिया में भी गोलीबारी की वारदात :** वहीं दूसरी घटना सोमवार को वेस्ट वर्जीनिया के माउंट कार्बन इलाके में हुई। यहां दो लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक संदिग्ध हमलावर भी शामिल था। पुलिस ने बताया कि हमलावर अपने घर में मृत मिला और माना जा रहा है कि उसने खुद को गोली मार ली। जबकि पुलिस को पास के कारपोर्ट में एक और व्यक्ति का शव मिला। वहीं तीन अन्य लोग गोली के छर्रे लगने से घायल हुए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# 2007 के गौर नरसंहार की दोबारा जांच करे सरकार, नेपाल की सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2007 के गौर नरसंहार की जांच के लिए सरकार को अनिवार्य आदेश (मैंडमस) जारी किया। यह नेपाल के राजनीतिक इतिहास की सबसे हिंसक घटनाओं में से एक मानी जाती है। जस्टिस तिल प्रसाद श्रेष्ठ और जस्टिस नित्यानंद पांडे की बेंच ने आदेश जारी करते हुए कहा कि हत्याओं से जुड़ी शिकायतों में जिनके नाम शामिल हैं, उनकी जांच जरूर होनी चाहिए।

कोर्ट के अधिकारियों के मुताबिक, त्रिभुवन साह और अन्य ने चार जून 2023 को रौतहट के जिला पुलिस कार्यालय और जिला सरकारी वकील कार्यालय के खिलाफ यह याचिका दायर की थी। याचिका में गौर नरसंहार की जांच की मांग की गई थी। यह 21 मार्च 2007 को रौतहट जिले के गौर स्थित राइस मिल मैदान में हुई थी, जब उस समय के मधेशी जन अधिकार मंच (एमपीआरएफ) और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। मधेशी जन अधिकार मंच के नेता उपेंद्र यादव थे। इस हिंसा में 27 लोग मारे गए थे और करीब सौ लोग घायल हुए थे।

विभिन्न मानवाधिकार संगठनों की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, मारे गए ज्यादातर लोग माओवादी समर्थक थे। अब सुप्रीम कोर्ट के ताजा



आदेश के बाद पुलिस ने उपेंद्र यादव और अन्य 113 आरोपियों के खिलाफ मामले की दोबारा जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की रिपोर्ट के मुताबिक, हिंसा तब भड़की जब मधेशी जन अधिकार मंच के समर्थकों ने माओवादियों की ओर से तैयार किया गया मंच तोड़ा। इसके बाद नगरपालिका कार्यालयपास गोली चलने की घटनाएं सामने आईं, जिससे दहशत फैल गई और फिर झड़पें और हत्याएं शुरू हो गईं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि कई पीड़ितों को पकड़ा गया, पीटा गया और मार दिया गया। कई लोगों पर धारदार और भारी हथियारों से हमला किया गया। कुछ को जलाया गया और कई शवों को एक मंदिर के आस पास घुमाया गया और फिर मौके पर फेंक दिया गया। आयोग ने इस घटना को पूर्व नियोजित और योजनाबद्ध हिंसा करार दिया और कहा कि इसके लिए मुख्य रूप से मधेशी जन अधिकार मंच के कार्यकर्ता जिम्मेदार थे। इसने यह भी कहा कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया था, उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन किया गया। हिरासत में लोगों की हत्या राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत अपराध है।

एनएचआरसी की जांच रिपोर्ट में इस हिंसा के चार प्रमुख कारण बताए गए हैं। पहला- 31 जनवरी 2007 को गौर में माओवादियों की ओर से मंच के समर्थकों और नेताओं पर हमला किया गया, जिससे बदले की भावना पैदा हुई। दूसरा- मंच ने 21 मार्च को कार्यक्रम की पूर्व सूचना दी थी, लेकिन माओवादी संगठन की सहयोगी मधेशी मुक्ति मोर्चा ने उसी स्थान पर दो दिन पहले कार्यक्रम तय कर टकराव की स्थिति बना दी। तीसरा- स्थानीय व्यापार संघ ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की थी और प्रशासन ने भी मौखिक रूप से कार्यक्रम अलग-अलग करने को कहा था, लेकिन माओवादी बैठक में नहीं आए और दोनों पक्षों ने प्रशासन की अपील को नजरअंदाज कर दिया। चौथा- 20 मार्च 2007 को जिला सुरक्षा समिति ने अतिरिक्त सुरक्षा बल की मांग की थी, लेकिन संबधित अधिकारियों ने समय पर सुरक्षा व्यवस्था नहीं की।

# अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास से घबराए किम जोंग, परमाणु क्षमता के विस्तार की दी धमकी

**सिओल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यासों की आलोचना की। किम ने कहा कि वह अपने परमाणु बलों का तेजी से विस्तार करेंगे, ताकि विरोधियों का मुकाबल कर सकें। यह बयान उन्होंने उस समय दिया, जब वह अपने सबसे आधुनिक युद्धपोत का निरीक्षण कर रहे थे, जिसे परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बनाया जा रहा है। सरकारी मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

किम जोंग ने सोमवार को पश्चिमी बंदरगाह नामपो का उस समय दौरा किया है, दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए वार्षिक ग्रीष्मकालीन सैन्य अभ्यास उल्ची फ्रीडम शील्ड शुरू किया। 11 दिन के इस सैन्य अभ्यास में कुल 21 हजार सैनिक शामिल हैं, जिनमें से 18 हजार दक्षिण कोरिया के हैं। इसमें कंप्यूटर-आधारित कमान पोस्ट अभियान और मैदानी प्रशिक्षण शामिल हैं।

उत्तर कोरिया इन संयुक्त सैन्य अभ्यासों को लंबे समय से आक्रमण की तैयारी बताता आया है। किम इन अभ्यासों को अक्सर अपने सैन्य परीक्षणों और परमाणु कार्यक्रम के विस्तार को



जायज ठहराने के लिए इस्तेमाल करते हैं। कोरियाई प्रायद्वीप अब भी तकनीकी रूप से युद्ध की स्थिति में है। यह असैन्यीकृत क्षेत्र दो हिस्सों उत्तर और दक्षिण कोरिया में बंटा है।

किम ने जिस युद्धपोत का निरीक्षण किया, उसका नाम चोए ह्योन है। यह 5000 टन वजन युद्धपोत अप्रैल में पहली बार सार्वजनिक किया गया था। किम ने कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया का सैन्य अभ्यास शत्रुता और युद्ध की इच्छा को दर्शाता है। अभ इन सैन्य अभ्यासों में परमाणु तत्व भी शामिल हैं, जिससे उत्तर कोरिया को निर्णायक प्रतिक्रिया देनी होगी। उत्तर कोरिया की सरकारी एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, किम ने कहा कि उत्तर कोरिया के चारों ओर की सुरक्षा स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है और मौजूदा सैन्य सिद्धांतों और अभ्यास में तेज बदलाव और परमाणु क्षमताओं का विस्तार जरूरी हो गया है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग की सरकार ने फिलहाल किम की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उनकी सरकार उत्तर कोरिया के साथ संबंध सुधारने और बातचीत दोबार शुरू करने की इच्छुक रही है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने भी किम के युद्धपोत की क्षमता को लेकर कोई नई जानकारी साझा नहीं की है।

दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों का कहना है कि उल्ची फ्रीडम शील्ड अभ्यास का मुख्य उद्देश्य उत्तर कोरिया की बढ़ती परमाणु और मिसाइल हमले की धमकियों का मुकाबला करना है। इस अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हमले की रोकथाम और जवाब देने के लिए प्रशिक्षण शामिल होगा। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध और इस्राइल-ईरान जैसे हालिया युद्धों से भी सबक लिए जा रहे हैं। इसके साथ ही अभ्यास में ड्रोन हमलों, जीपीएस बाधाओं और साइबर हमलों से निपटने की रणनीतियां भी शामिल हैं।

## रूस-यूक्रेन में फिलहाल सीजफायर नहीं:ट्रम्प ने मीटिंग रोक पुतिन को फोन किया

# यूक्रेन सिक्योरिटी गारंटी के बदले 8 लाख करोड़ के अमेरिकी हथियार खरीदेगा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय लीडर्स के साथ मीटिंग की। इसमें रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि फिलहाल इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। हालांकि, मीटिंग में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। वहीं, रूसी राष्ट्रपति ऑफिस (क्रेमलिन) ने बताया कि ट्रम्प ने मीटिंग रोककर पुतिन से फोन पर 40 मिनट बात की। इस दौरान पुतिन ने रूस और यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान पुतिन 15 दिन के भीतर जेलेंस्की से मुलाकात को राजी हो गए। मीटिंग के बाद जेलेंस्की ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा।

**जेलेंस्की ने मेलानिया ट्रम्प को धन्यवाद दिया**

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेनी बच्चों के अपहरण का मुद्दा उठाने के लिए ट्रम्प की पत्नी और फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प का धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि, हम उनकी संवेदना और पुतिन को लिखे उनके पत्र के लिए तहे दिल से आभारी हैं। दरअसल, मेलानिया ने पिछले हफ्ते इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए एक लेटर लिखा था। इस लेटर को अलास्का में हुई समिट के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने पुतिन को सौंपा था। व्हाइट हाउस में चर्चा के बाद, यूरोपीय नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि रूस और यूक्रेन के बीच सार्थक बातचीत से पहले युद्धविराम होना आवश्यक है।

**जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने एक्स पर लिखा :** असली बातचीत केवल उसी मीटिंग में हो सकती है जिसमें यूक्रेन भी भाग ले। ऐसी मीटिंग तभी संभव है जब हथियार थम जाएं। मैंने आज एक बार फिर यह माँग दोहराई है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बैठकों के बाद यही बात





कही।रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ अलास्का मीटिंग के बाद ट्रम्प के यूक्रेन में तत्काल युद्ध विराम की आवश्यकता पर दिए गए बयान को पलटना यूरोपीय नेताओं के लिए एक झटका था।

**यूक्रेन यूरोप के पैसे से 90 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार खरीदेगा :** जेलेंस्की ने बताया कि ट्रम्प और यूरोपीय नेताओं के साथ हुई बैठक में यूक्रेन की सुरक्षा के लिए एक योजना पर बात हुई। इसके तहत यूक्रेन यूरोप के पैसे से 90 अरब डॉलर के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। जेलेंस्की ने कहा कि सुरक्षा का एक और हिस्सा यह होगा कि यूक्रेन ड्रोन बनाएगा, जिनमें से कुछ को अमेरिका खरीदेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेलेंस्की ने कहा कि यह योजना अभी चर्चा में है और कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि अगले एक हफ्ते या 10 दिनों में इस समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने ट्रम्प के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से अगले दो हफ्ते में मुलाकात की हामी भरी है। मर्त्ज ने कहा कि इस मुलाकात की जगह अभी तय नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस बैठक की अच्छे से तैयारी करनी होगी, लेकिन उन्हें नहीं पता कि पुतिन इसमें शामिल होने की हिम्मत करेंगे या नहीं। यूक्रेन में जिंदगी और मौत का सवाल चल रहा है। अलास्का से वाइट हाउस तक शांति के लिए बैठकें हो रही हैं। सोमवार ( 18 अगस्त ) को वाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की कई प्रमुख यूरोपीय नेताओं के साथ पहुंचे। उनका उद्देश्य ट्रंप के साथ बैठक कर युद्ध को रोकने पर चर्चा करना था। लेकिन इन सभी अहम मुद्दों के बीच वाइट हाउस प्रेस कोर में सबसे अधिक चर्चा इस बात पर थी कि क्या इस बार जेलेंस्की सूट पहनेंगे या नहीं।

दरअसल, फरवरी में जब यूक्रेन के युद्धकालीन नेता ओवल ऑफिस गए थे, तब एक अमेरिकी पत्रकार ने बिजनेस सूट के बजाय सैन्य शैली की पोशाक पहनने के लिए उनका मजाक उड़ाया था। उस समय यह सिर्फ उनके ड्रेसिंग सेंस का मजाक लग रहा था, लेकिन कुछ ही मिनटों में इसने तनावपूर्ण माहौल बना दिया था।

उस वक्त ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने रूस के आक्रमण के खिलाफ अमेरिकी समर्थन के लिए आभारी न होने के लिए जेलेंस्की की आलोचना की थी। पूरी दुनिया उस घटना को देख रही थी। एक संप्रभु राष्ट्र, जिसे अमेरिका का मित्र भी माना जाता है, उसके राष्ट्रपति को सार्वजनिक रूप से डांटा गया था। लेकिन छह महीने बाद स्थिति काफी बदल गई थी।

18 अगस्त को वाइट हाउस में जेलेंस्की एक स्मार्ट काली जैकेट और कॉलर वाली काली शर्ट में पहुंचे। ट्रंप ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि मैं इस पर विश्वास नहीं कर सकता, मुझे यह बहुत पसंद आया। इस पर जेलेंस्की ने जवाब दिया कि मेरे पास यही सबसे अच्छा है।

बता दें कि अमेरिकी पत्रकार ब्रायन ग्लेन ने ट्रंप के साथ बैठक के दौरान जेलेंस्की की ड्रेस की तारीफ की। तब ट्रंप ने बातचीत में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि मैंने भी यही कहा था। उन्होंने जेलेंस्की को याद दिलाया कि यही वह व्यक्ति है जिसने पिछली बार आपकी आलोचना की थी।

# कुलदीप वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसके, महाराज फिर शीर्ष पर



**दुबई (एजेंसी)।** भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव बुधवार को जारी गेंदबाजों की नवीनतम आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसक गए जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज ने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। महाराज ने केर्न्स में तीन मैच की श्रृंखला के पहले एकदिवसीय मैच में अपनी टीम को ऑस्ट्रेलिया पर 98 रन से जीत दिलाने के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए बाएं हाथ के 35 वर्षीय स्पिनर महाराज ने 33 रन देकर पांच विकेट चटकाए। उन्होंने कुलदीप और श्रीलंका के महेश तीक्षणा को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। महाराज इससे पहले नवंबर और दिसंबर 2023 में कुछ समय के लिए शीर्ष पर थे। कुलदीप के अलावा रविंद्र जडेजा एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं जो गेंदबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं।

भारतीय टीम ने चैंपियन्स ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद से कोई एकदिवसीय मैच नहीं खेला है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स भी गेंदबाजी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाने में सफल रहे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला के आखिरी मैच में 18 रन देकर छह विकेट लिए थे। वह 15 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद (15 पायदान के फायदे से 39वें स्थान पर) और वेस्टइंडीज के ऑफ स्पिनर रोस्टन चेस (पांच पायदान के फायदे से 58वें स्थान पर) भी रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

पुरुषों की बल्लेबाजी रैंकिंग में शुभमन गिल 784 अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी वनडे में नाबाद 120 रन बनाने वाले वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप दो पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर हैं जबकि एडेन मार्करम (चार पायदान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर), तेम्बा बावुमा (पांच पायदान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर) और मिचेल मार्श (छह पायदान ऊपर 48वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।

पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। कप्तान सूर्यकुमार यादव छठे और यशस्वी जायसवाल 10वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस सुधार जारी रखते हुए नौ स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के मार्श और ग्लेन मैक्सवेल क्रमशः चार और 10 स्थान की छलांग लगाकर 25वें और 30वें स्थान पर हैं।

टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज नाथन एलिस (तीन स्थान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर) और जोश हेजलवुड (दो स्थान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर) ने महत्वपूर्ण सुधार किया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा 44वें स्थान से 37वें स्थान पर पहुंच गए।

# डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की होने के बाद ब्रसेल्स में नहीं खेलेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह पक्की करने के बाद भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा इस प्रतिष्ठित सीरीज के शुरुआत को बेल्जियम के ब्रसेल्स में होने वाले अंतिम चरण में हिस्सा नहीं लेंगे। डाइमंड लीग की 14 प्रतियोगिताओं में से चार में पुरुष भाला फेंक को जगह मिली है।

नीरज ने सिर्फ दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया लेकिन स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 28 अगस्त को होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे। इस भारतीय खिलाड़ी ने 16 अगस्त को सिलेसिया चरण में भी हिस्सा नहीं लिया था। भारत के 27 वर्षीय गत विश्व चैंपियन नीरज ने मई में दोहा डाइमंड लीग में 90.23 मीटर के प्रयास के साथ 90 मीटर का जादुई आंकड़ा पार किया था लेकिन जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

उन्होंने इसके बाद जून में 88.16 मीटर के प्रयास से पेरिस डाइमंड लीग का खिताब जीता। ब्रसेल्स चरण के बाद शीर्ष छह खिलाड़ी ज्यूरिख में होने वाले डाइमंड लीग फाइनल्स में जगह बनाएंगे। नीरज ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक के रूप में खेला था जहां उन्होंने 86.18 मीटर के प्रयास के साथ अपनी मेजबानी में हुआ टूर्नामेंट जीता था।

कुल मिलाकर नीरज ने मौजूदा सत्र में अब तक छह प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें से चार में उन्होंने खिताब जीता जबकि दो में दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा टोक्यो में 13 से 21 सितंबर तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करेंगे।

# पिछले टी20 विश्वकप के बाद से ही टीम में आये कई बदलाव

**–कई दिग्गज खिलाड़ी इस बाहर शामिल नहीं किये गये**

**मुम्बई (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2024 के बाद से ही भारतीय टीम में काफी बदलाव आया है। अब एशिया कप 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। उसमें काफी अंतर नजर आया है। टीम में रोहित शर्मा , विराट कोहली से सहित कई खिलाड़ी इस बार नहीं हैं। । भारतीय टीम टीम का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई ने यूएई में नौ सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, इसके बावजूद कई बड़े नाम पीछे छूट गए हैं। भारतीय टीम ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व खिताब जीता था। रोहित की कप्तानी में भारतीयस टीम ने 17 साल बाद ट्रॉफी अपने नाम की थी। हालांकि चैंपियन बनने के साथ ही रोहित शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया, जिसके बाद सूर्यकुमार यादव को कप्तान बनाया गया। टी20 विश्व कप के बाद पहली बार भारतीय टीम टी20 प्रारूप में बड़े टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी, ऐसे में दोनों टीमों की तुलना की जाए तो कई खिलाड़ी भारतीय दल में जगह नहीं बना पाए हैं।

टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम में रोहित शर्मा कप्तान थे, जबकि हार्दिक पांड्या को उपकप्तान बनाया गया था पर करीब एक साल बाद एशिया कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में सूर्यकुमार यादव कप्तान हैं और शुभमन गिल उपकप्तान बनाए गए हैं। बता दें शुभमन पिछले साल खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान स्टैंडबाय खिलाड़ियों की सूची में थे।

पिछले टी20 विश्व कप और एशिया कप दल की तुलना की जाए, तो विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने इस प्रारुप से संन्यास ले लिया है। उनके अलावा यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज भी स्क्वॉड में शामिल नहीं है। ऋषभ चोट के कारण टीम से बाहर हैं। जबकि सिराज को आराम दिया गया है। वहीं चहल को हटाया गया हैं, जबकि जायसवाल स्टैंबाय की सूची में हैं। टी20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम ने कुल पांच टी20 सीरीज खेली है, जिसमें चार में सूर्यकुमार यादव ने कप्तानी की है। रोहित के संन्यास के बाद सूर्यकुमार यादव को कप्तान चुना गया था। हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज में आराम दिए जाने के कारण शुभमन गिल ने टीम की कमान संभाली थी।

# 'संजू सैमसन की जगह खतरे में है': एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम चयन पर बोले अश्विन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि अगले महीने से शुरू होने वाले एशिया कप 2025 के लिए शुभमन गिल को टीम में शामिल किए जाने के बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन की प्लेइंग इलेवन में जगह 'थोड़ी खतरे में' है। एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया की घोषणा मंगलवार को की गई, जिसमें सूर्यकुमार कप्तानी करेंगे और शुभमन गिल उप-कप्तान होंगे, जबकि कई बड़े नाम टीम में नहीं हैं। टीम की घोषणा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई जिसमें टी20 कप्तान सूर्यकुमार और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर भी शामिल थे।

यह प्रेस कॉन्फ्रेंस एक चयन बैठक के बाद आयोजित की गई थी, जिसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सचिव देवजीत सैकिया भी शामिल थे। अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर बात करते हुए अश्विन ने कहा, 'मुझे ओरों से भी ज्यादा दुख इस बात का होगा कि आपने उन्हें उप-कप्तान घोषित कर दिया है इसलिए संजू सैमसन की जगह थोड़ी खतरे में है। बात पक्की हो चुकी है। संजू नहीं खेलेंगे क्योंकि शुभमन गिल खेलेंगे। अगर आपको गिल को खिलाना है, तो



आपको उन्हें तीसरे नंबर पर खिलाना होगा, और संजू ओपनिंग करेंगे लेकिन ऐसा भी नहीं होने वाला है।'

सैमसन ने भी अच्छी वापसी की और अभिषेक के साथ भारतीय टीम के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में एक नया जीवन पाया। पिछले टी20 विश्व कप के बाद से उन्होंने 31 टी20 मैचों और 30 पारियों में 33.62 की औसत और 157.09 के स्ट्राइक रेट से 908 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

संजू सैमसन की जगह जितेश शर्मा को बैकअप विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना गया है जिन्होंने टीम इंडिया के लिए टी20आई ओपनर के रूप में लगातार तीन शतक लगाकर अपनी नई पहचान बनाई है। उन्होंने भारत के लिए आखिरी बार पिछले साल जनवरी में टी20आई खेला था जिसमें उन्होंने 9 मैचों की 7 पारियों में 14.28 की औसत से 100 रन बनाए थे।

इस साल की शुरुआत में जितेश ने केवल 33 गेंदों पर आठ चौकों और छह गगनचुंबी छक्कों की मदद से नाबाद 85 रनों की तूफानी पारी खेलकर ऋष्क्र को इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज हासिल करने में मदद की थी जिसमें उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) के खिलाफ आठ गेंद शेष रहते 228 रनों के मुश्किल लक्ष्य को हासिल किया था।

विकेटकीपर-बल्लेबाज की तारीफ करते हुए अश्विन ने कहा, 'मैं जितेश शर्मा के लिए बहुत खुश हूं, जितेश शर्मा ने अच्छी जगह हासिल की है। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए LSG के खिलाफ एक शानदार पारी खेली और उनके लिए अहम भूमिका निभाई। हमेशा याद रखें, भारत के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर कौन थे? एमएस धोनी और युवराज सिंह, कभी-कभी। फिर हार्दिक पांड्या रहे हैं, इसलिए फिनिशिंग कोई आसान काम नहीं है। आपको फिनिशिंग करने की ताकत होनी चाहिए।'

पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा, 'आपको अपनी इच्छानुसार चौके और छक्के लगाने की आदत होनी चाहिए। आपको हिसाब-किताब का राज अपने दिमाग में रखना होगा। आपको चतुर होना चाहिए और हिसाब-किताब करना आना चाहिए। इस लिहाज से जितेश शर्मा ने एक विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में बहुत मुश्किल परिस्थितियों में भूमिकाएं निभाई हैं। इसलिए मैं उनके लिए बहुत खुश हूं।'

भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगा, जबकि पाकिस्तान के खिलाफ हाई-वोल्टेज मैच 14 सितंबर को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच 19 सितंबर को अबू धाबी में ओमान के खिलाफ खेलेगा। ग्रुप चरण के बाद टूर्नामेंट सुपर 4 में प्रवेश करेगा, जहां प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वालीफाई करेंगी। यदि भारत ग्रुप ए में शीर्ष पर रहता है, तो उसके सभी सुपर 4 मैच दुबई में होंगे। यदि भारत दूसरे स्थान पर रहता है, तो उसके सुपर 4 मुकाबलों में से एक अबू धाबी में और बाकी दो दुबई में होंगे। सुपर 4 चरण 20 से 26 सितंबर तक चलेगा। दुबई में फाइनल होगा जो 28 सितंबर को है।

# एडम जम्पा को आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगी फटकार

दुबई ।ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एडम जम्पा को मंगलवार को केर्न्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए फटकार लगाई गई है। जम्पा को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन करते पाया गया, जो'अंतररष्ट्रीय मैच के दौरान सुनाई देने वाली अश्लीलता के प्रयोग'से संबंधित है। इसके अलावा जम्पा के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध था। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पारी के 37वें ओवर में हुई, जब जम्पा ने अपनी गेंद पर मिसफील्ड और ओवरथ्रो के बाद अनुचित भाषा का प्रयोग किया, जिसे स्टंप के माइक्रोफोन पर रिकॉर्ड किया गया और प्रसारित किया गया। जम्पा ने अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस गैफनी और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर डोनोवन कोच ने आरोप लगाए। स्तर 1 के उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक हो सकते हैं।



# पाकिस्तान से मैच के सवाल पर बीसीसीआई मैंनेजर बोले, चयन से जुड़ा सवाल ही पूछें

मुम्बई ।एशिया के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के चयन को लेकर हुई पत्रकार वार्ता के दौरान एक सवाल से चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर और भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव असहज हो गये। इस पत्रकार ने पूछा कि वर्तमान समय के तनावपूर्व माहौल में भारतीय टीम 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ होने वाले मैच को खेलेगी या नहीं। ऐसे में अगरकर और सूर्यकुमार जवाब देते इससे पहले ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मीडिया मैनेजर ने कहा, 'रुकिए अभी आप चयन से जुड़ा हुआ कोई सवाल ही पूछ सकते हैं अन्य सवाल नहीं।' गौरतलब है कि एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच को लेकर प्रशंसकों का विरोध बढ़ता रहा है। कई लोग इस मैच के बहिष्कार की मांग कर रहा है। उनका कहना है कि जिस प्रकार पाक ने पहलगाल में आतंकी हमला कराया उसको देखते हुए पाक से कोई मैच नहीं खेलना चाहिये। संसद में भी यह मामला उठा है। कई सांसदों ने इस मैच को रद्द करने की मांग की है। पहलगाम हमले के बाद भारतीय टीम ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था जिसके तहत ही भारत ने पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित आतंकी अड्डों पर हमले किये थे जिसमें कई आतंकी मारे गये थे। जिसके बाद पाक सेना ने भारत पर ड्रोन हमले किये थे जो भारतीय एयर डिफेंस ने नष्ट कर दिये थे। हाल ही में रिटायर्ड क्रिकेरों की लीग में भी इंडिया चैम्पियंस टीम ने पाक से मैच का बहिष्कार किया का।




# एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने बुधवार को आगामी हीरो पुरुष एशिया कप के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह टूर्नामेंट 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

FIH हॉकी विश्वकप बेल्जियम-नीदरलैंड 2026 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट में भारत को जापान, चीन और कजाकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 29 अगस्त को चीन के खिलाफ करेगा, उसके बाद 31 अगस्त को जापान और एक सितंबर को कजाकिस्तान से भिड़ेगा।

इस टूर्नामेंट के लिए अनुभवी ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय टीम की कप्तान करेंगे। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी




भरोसेमंद कृष्ण बी पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में कप्तान हरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास के साथ जरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय और जुगराज सिंह भी शामिल होंगे, जो रक्षात्मक पंक्ति को मजबूती प्रदान करेंगे।

मिडफील्ड में मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल और हार्दिक सिंह शामिल हैं। आक्रमण की अगुवाई मनदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह करेंगे, जो विपक्षी डिफेंस को परेशान करने के लिए भरपूर क्षमता प्रदान करेंगे। इस बीच, नीलम संजीव जेस और सेल्वम कार्ति को वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में नामित किया गया है। टीम चयन को लेकर भारतीय पुरुष टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हमने एक अनुभवी टीम चुनी है जो समझती है कि उच्च दबाव वाली परिस्थितियों में कैसा प्रदर्शन करना होता है। एशिया कप हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन दांव पर है, इसलिए हमें ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी जिनमें धैर्य, लचीलापन और प्रदर्शन करने का हुनर हो। यह चयन हमारी मंशा को दर्शाता है एक ऐसी टीम तैयार करना जो मजबूती से मुकाबला कर सके और हमारे मुख्य उद्देश्य को हासिल कर सके।'

# पाकिस्तान की हॉकी टीम एशिया कप के लिए भारत नहीं आएगी, एशियाई हॉकी महासंघ ने की पुष्टि




नई दिल्ली -पाकिस्तान की हॉकी टीम बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से शुरु होने वाले आगामी एशिया कप में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी। एशियाई हॉकी महासंघ (।स्त्र) ने मंगलवार को पुष्टि की है कि पाकिस्तान की हॉकी टीम आगामी एशिया कप 2025 में भाग लेने के लिए भारत नहीं आएगी। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH) और AHF दोनों को सूचित कर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण उसे भारत में टीम भेजना मुश्किल होगा। 29 अगस्त से सात सितंबर तक चलने वाली इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए पाकिस्तान की जगह बंगलादेश को चुना गया है। पाकिस्तान तीन बार एशिया कप हॉकी चैंपियन रहा है जिसने 1982 और 1989 के बीच खेले गए पहले तीन संस्करण जीते हैं। एशिया कप 2025 की चैंपियन टीम को नीदरलैंड और बेल्जियम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले 2026 एफआईएच हॉकी विश्वकप के लिए भी सीधा प्रवेश मिलेगा।

# एमबाप्पे ने पेनल्टी को गोल में बदला, रियाल मैड्रिड को दिलाई जीत

मैड्रिड ।काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत करते हुए पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे उनकी टीम ने मंगलवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के अपने पहले मैच में ओसासुना पर 1-0 से जीत दर्ज की। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड से जुड़ने वाले एमबाप्पे ने 51वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर मेज़बान टीम को जीत दिलाई। एमबाप्पे ने इस तरह से रियाल मैड्रिड के साथ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने पिछले सत्र में क्लब की तरफ से सर्वाधिक गोल किए थे। रियाल मैड्रिड ने इस तरह से अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना की तरह नए सत्र की जीत से शुरुआत की। बार्सिलोना ने शनिवार को मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत दर्ज की थी। पिछले सत्र में रियाल मैड्रिड स्पेनिश लीग में बार्सिलोना के बाद दूसरे स्थान पर रहा था। ओसासुना नौवें स्थान पर रहा था।

# ऑनलाइन गेमिंग विधेयक : प्रस्तावित प्रतिबंध से क्रिकेट उद्योग को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में बुधवार को पेश किए गए 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025' 'वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म' का अंत कर सकता है जिनकी भारतीय खेलों, विशेषकर क्रिकेट के प्रायोजन बाजार में हिस्सेदारी है। इस विधेयक का उद्देश्य तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक को विनियमित करना है जो देश के ई-स्पोर्ट्स जगत के लिए एक सुखद खबर है। लेकिन अरबों डॉलर के 'फैंटेसी गेमिंग' उद्योग के राजस्व में भारी गिरावट देखी जा सकती है जिसमें क्रिकेट के प्रायोजन में बड़ी रकम खर्च करने वाली कंपनियां शामिल हैं।

एक श्रृंखलाबद्ध प्रतिक्रिया के रूप में यह खेल प्रायोजन बाजार को भी प्रभावित कर सकता है जिसमें व्यक्तिगत खिलाड़ियों का प्रायोजन और कबड्डी तथा फुटबॉल जैसे खेलों की फ्रैंचाइजी आधारित घरेलू लीग शामिल हैं। ऑनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक में एक नियामक संस्था बनाने की बात है जो ई-स्पोर्ट्स, एजुकेशनल गेमिंग, सोशल और कैजुअल गेमिंग और पैसे के वास्तविक लेनदेन की गेमिंग चार विविध क्षेत्रों को देखेगी। दस्तावेज के अनुसार इनमें से 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर प्रतिबंध लगेगा।

'प्रतिबंध' अनुच्छेद के अनुसार : 'कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेम और ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा की पेशकश में सहायता, प्रोत्साहन, प्रेरित करने या अन्यथा इसमें शामिल नहीं होगा।' इसमें कहा गया, 'कोई भी बैंक, वित्तीय संस्थान, या वित्तीय लेनदेन या धन के प्राधिकरण की सुविधा देने वाला कोई अन्य व्यक्ति किसी भी ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवा के भुगतान के लिए धन के किसी भी लेनदेन या प्राधिकरण में संलग्न नहीं होगा, सहायता नहीं करेगा, प्रेरित नहीं करेगा या अन्यथा सुविधा नहीं देगा।'

सरकार स्पष्ट करती है कि वास्तविक धन वाले ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म से कई सामाजिक समस्याएं पैदा हो रही हैं और इसके लिए किसी प्रकार के नियमन की आवश्यकता है। क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसमें वास्तविक धन की गेमिंग का चलन काफी बढ़ गया है और भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 है। वहीं इंडियन प्रीमियर लीग का आधिकारिक फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है।

ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में खरीदे। माई11 सर्कल ने आईपीएल फैंटेसी गेमिंग अधिकार पांच वर्षों के लिए 625 करोड़ रुपए (लगभग 125 करोड़ रुपये प्रति वर्ष) में खरीदे। इसके अलावा देश के शीर्ष क्रिकेटरों (पूर्व और वर्तमान) के विभिन्न वास्तविक धन वाले गेमिंग प्लेटफार्म के साथ भारी-भरकम व्यक्तिगत विज्ञापन करार हैं।

इस विषय की गहरी समझ रखने वाले जाने-माने खेल वकील विदुषपत सिंघानिया ने इसके परिणामों को संक्षेप में समझाया। उन्होंने कहा, 'भारत में क्रिकेट बहुत बड़ा है और भारतीय क्रिकेट और उसकी संपत्तियों के लिए प्रायोजकों की कोई कमी नहीं होगी। हालांकि इस विधेयक के कारण व्यक्तिगत प्रायोजन बाजार सिकुड़ सकता है।' सिंघानिया ने बताया, 'इसके अलावा प्रशंसकों की भागीदारी भी प्रभावित होगी।' हालांकि उन्होंने कहा कि फैंटेसी गेम्स अभी भी 'सब्सक्रिप्शन आधारित मॉडल' पर चल सकते हैं।

उन्होंने कहा, 'एक 'सब्सक्रिप्शन' शुल्क होगा। मान लीजिए कि आप किसी गेमिंग ऐप के लिए 100 रुपए का भुगतान करते हैं और फैंटेसी गेमिंग में अपने कौशल को देखते हैं। लेकिन वास्तविक धन वाली गेमिंग इस विधेयक के अनुसार प्रतिबंधित है जिसमें पैसे देकर कमाई की जाती है।' इन सभी फैंटेसी गेमिंग ऐप का इतना विशाल राजस्व स्रोत प्रतिबंध के कारण निश्चित रूप से कम हो जाएगा और इसलिए खेल में वापस आने वाला पैसा भी काफी कम हो जाएगा। लेकिन ईस्पोर्ट्स बाजार के लिए यह खुशी की बात है।

ईस्पोर्ट्स ने 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में अपनी शुरुआत की और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति 2027 में रियाद में अपना पहला ईस्पोर्ट ओलंपिक आयोजित करेगी। इस पर अपने विचार साझा करते हुए 'नोडविन




गेमिंग' के सह संस्थापक और प्रबंध निदेशक अक्षत राठी कहते हैं, 'ईस्पोर्ट्स को मान्यता देने और बढ़ावा देने का सरकार का इरादा एक उत्साहजनक कदम है। हालांकि इस दृष्टिकोण को वास्तव में साकार करने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि विधेयक में प्रयुक्त शब्दावली विशेष रूप से ईस्पोर्ट्स, ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन सोशल गेमिंग और ऑनलाइन मनी गेमिंग के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया जाए और समान रूप से समझा जाए।'

# दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका, सुब्रायन की संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई

केर्न्स ।दक्षिण अफ्रीका के ऑफ स्पिनर प्रेनेलन सुब्रायन की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे के बाद संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। बुधवार को एक बयान में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने कहा कि केर्न्स में मैच अधिकारियों की रिपोर्ट में सुब्रायन के गेंदबाजी एक्शन की वैधता पर चिंता व्यक्त की गई है। आईसीसी ने कहा, 'सुब्रायन के गेंदबाजी एक्शन की वैधता का पता लगाने के लिए ढ्ढष्टष्ट द्वारा मान्यता प्राप्त परीक्षण केंद्र में उनके गेंदबाजी एक्शन का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जाएगा।' सुब्रायन ने कैजलिस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 50 ओवर के अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण किया जिसे दक्षिण अफ्रीका ने 98 रनों के विशाल अंतर से जीता। 31 वर्षीय सुब्रायन ने 10 ओवर फेंके और 46 रन देकर एक विकेट लिया और ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड का विकेट लिया जो क्रीज पर तेजी से दौड़ने की कोशिश में स्टंप आउट हो गए। सुब्रायन ने इसी साल बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था, जहां उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए थे और दक्षिण अफ्रीका ने पारी और 236 रनों से जीत हासिल की थी। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वे पहले से ही अपने तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा के बिना खेल रहे हैं, जो दाहिने टखने में सूजन के कारण तीन मैचों की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।



# पेट्रोल कारों से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक : गुजरात भारत का ऑटोमोटिव हब बनकर उभरा

*** वित्त वर्ष 2022-23 में गुजरात के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रु. 29,700 करोड़ का भारी निवेश**

**अहमदाबाद।**

भारत में ऑटोमोटिव क्रांति में गुजरात की अहम भूमिका रही है। अपनी रणनीतिक स्थिति, मज़बूत बुनियादी ढाँचे और निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण, गुजरात अन्य राज्यों की तुलना में ऑटो कंपनियों की पहली पसंद बन गया है। उत्तर गुजरात की बात करें तो आज सुजुकी मोटर्स गुजरात के कारण यह क्षेत्र भारत में अग्रणी ऑटोमोटिव विनिर्माण केंद्रों में से एक बन गया है। सुजुकी मोटर्स गुजरात ने 7.5 लाख कार इकाइयों की वार्षिक उत्पादन क्षमता के साथ गुजरात को एक वैश्विक ऑटो हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस सफलता को वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन में भी प्रदर्शित किया जाएगा। गौरतलब है कि उत्तर गुजरात के लिए वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन (वीजीआरसी) 9-10 अक्टूबर, 2025 को मेहसाणा में आयोजित किया जाएगा। गुजरात में ऑटोमोबाइल क्षेत्र ने 2012 से 2015 के बीच वैश्विक निवेशकों को आकर्षित किया। 2014 में, सुजुकी ने राज्य में एक मेगा विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और गुजरात के ऑटो क्षेत्र को गति मिली। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में गुजरात में महत्वपूर्ण निवेश किया है, जिससे रोज़गार के अपार अवसर पैदा हुए हैं। आज, सुज़ुकी मोटर का गुजरात प्लांट भारत के अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माण संयंत्रों में से एक है। इस संयंत्र ने मेहसाणा के आसपास के ऑटो कंपोनेंट उद्योग में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित किया है।

इतना ही नहीं, सुजुकी मोटर्स गुजरात ने भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए 32 अरब रुपये का निवेश करके चौथी उत्पादन लाइन स्थापित करने की भी घोषणा की है। अपने मज़बूत बंदरगाह बुनियादी ढाँचे के कारण, गुजरात वैश्विक ऑटोमोबाइल उद्योग के लिए एक रणनीतिक निर्यात केंद्र बन गया है। 2024 में, गुजरात ने दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, जापान, संयुक्त अरब अमीरात और चिली सहित कई देशों को लगभग रु. 3,459 करोड़ मूल्य के ऑटोमोबाइल निर्यात किए। इसके अतिरिक्त, गुजरात ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में ऑटोमोबाइल क्षेत्र में रु. 29,700 करोड़ का महत्वपूर्ण निवेश दर्ज किया, जो पिछले पाँच वर्षों में 16.4% की मज़बूत CAGR दर्शाता है। यानी निवेश 16.4% की वार्षिक दर से बढ़ रहा है।

# कोल इंडिया लिमिटेड के शेयर खरीदने का आज आखिरी दिन, कल मिलेगा डिविडेंड

**नई दिल्ली।**

सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के शेयरों में बुधवार को तेजी की उम्मीद है। वजह यह है कि आज आखिरी दिन है जब निवेशक शेयर खरीदकर कंपनी के अंतिम डिविडेंड के हकदार बन जाएंगे। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 5.15 प्रति शेयर का डिविडेंड देने की सिफारिश की है।

कंपनी ने बताया है कि डिविडेंड पाने के लिए 21 अगस्त गुरुवार की तारीख तय की है। इस दिन तक जिन निवेशकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, उन्हें डिविडेंड दिया जाएगा।

कोल इंडिया अपनी 51वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 अगस्त को करेगी। एजीएम में डिविडेंड को मंजूरी मिलने के बाद कंपनी 30 दिनों के अंदर यह भुगतान करेगी। यह सिफारिश पहले 7 मई 2025 को बोर्ड बैठक में की गई थी।

अप्रैल-जून 2025 तिमाही में कोल इंडिया का शुद्ध मुनाफा 10,943.55 करोड़ रहा, जो पिछले साल की समान अवधि के बराबर है। कंपनी की कुल आय घटकर 37,458.05 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी तिमाही में 39,388.47 करोड़ थी।

बिक्री घटकर 31,880.43 करोड़ पर आ गई, जो क्यू1 2025 में 33,170.13 करोड़ थी। वहीं खर्च बढ़कर 25,893.12 करोड़ हो गया, जबकि पिछले साल यह 25,326.66 करोड़ था।

19 अगस्त को एनएसई पर कोल इंडिया का शेयर 385.90 पर बंद हुआ, जो पिछले दिन से 0.49 फीसदी कम है। कंपनी का मार्केट कैप फिलहाल 2.38 लाख करोड़ है और यह बीएसई 100 इंडेक्स का हिस्सा है।

# मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधान को फिर से लागू करने पर विचार कर रही सरकार

**इसका मकसद होगा कारोबारी अप्रत्यक्ष कर का फायदा उपभोक्ताओं को दें**

**नई दिल्ली।**

सरकार जीएसटी व्यवस्था में प्रस्तावित सुधार के बाद मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों को कुछ समय के लिए फिर से लागू करने पर विचार कर रही है। मीडिया रिपोर्ट में एक सरकारी अधिकारी के वाले से जानकारी दी गई है कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि कारोबारी अप्रत्यक्ष कर का फायदा उपभोक्ताओं को दें। अधिकारी ने अपनी पहचान जाहिर न करने की शर्त पर बताया है कि केंद्र सरकार बाजार से संचालित मूल्य निर्धारण के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन अनुचित मुनाफाखोरी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। अगर कंपनियां कर दरों में कमी के अनुरूप अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) कम नहीं करेंगी तो ऐसा हो सकता है। हम दो साल तक मुनाफाखोरी-रोधी उपायों को लागू करने की योजना बना रहे हैं ताकि कारोबारी दरों में कमी के लाभ को अपनी जेब में न रखें।

बता दें मुनाफाखोरी-रोधी प्रावधानों को सबसे पहले 2017 में लागू किया गया था। उस समय जीएसटी ने कई अप्रत्यक्ष करों को बदल दिया था और कई वस्तुओं पर कर की दरें कम हो गई थीं। केंद्रीय जीएसटी अधिनियम की धारा 171 के तहत लाए गए इन नियमों का उद्देश्य यह तय करना था कि कारोबारी कर की दरों में कमी और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाएं। समय के साथ-साथ इसका दायरा एमआरपी से आगे बढ़कर एफएमसीजी, आतिथ्य सेवा और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में लगातार दर में कटौती और आईटीसी लाभों को कवर करने तक विस्तृत किया गया।

सरकार ने इन नियमों के साथ मुनाफाखोरी-रोधी महानिदेशालय (डीजीएपी) की स्थापना भी की थी। इसका काम उन कंपनियों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना था जो कर की कम दरों का फायदा उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा रही थीं।

इसके अलावा किसी भी अनियमित एवं अनुचित मुनाफाखोरी गतिविधियों को विनियमित करने के लिए राष्ट्रीय मुनाफाखोरी-रोधी प्राधिकरण (एनएए) का गठन किया गया था। दिसंबर 2022 में एनएए के विघटन के बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग को ही मुनाफाखोरी-रोधी मामलों को संभालने की जिम्मेदारी दी गई। अक्टूबर 2024 से यह क्षेत्राधिकार जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) दिल्ली के प्रधान पीठ को स्थानांतरित कर दिया गया।

# ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी ओला इलेक्ट्रिक



**नई दिल्ली ।**

दो पहिया वाहन निर्माता कंपनी ओला इलेक्ट्रिक साल 2027 में अपनी बहुप्रतीक्षित ई-बाइक डायमंडहेड को लॉन्च करेगी। यह बाइक 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार मात्र दो सेकंड में पकड़ सकती है। इसमें ओला का विशेष मूव ओएस ऑपरेटिंग सिस्टम, सेल्फ-ड्राइविंग फीचर और हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग के लिए कृत्रिम सिलिकॉन मिलेगा, जिससे यह पूरी तरह स्मार्ट मशीन बन जाएगी। इसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपये तक हो सकती है। ओला डायमंडहेड को हल्के लेकिन बेहद मजबूत एयरो लाइट मटेरियल से बनाया गया है, जिसमें एक्टिव एयरोडायनेमिक्स तकनीक दी गई है। यह न केवल हवा के प्रवाह को नियंत्रित करके बाइक को तेज गति से चलने में मदद करती है, बल्कि स्थिरता भी बनाए रखती है।

बेहतर नियंत्रण के लिए इसमें हब-सेंटर्ड स्टीयरिंग लगाया गया है, जो फुल स्पीड पर भी राइड को संतुलित रखेगा। यह ई-बाइक एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) से लैस होगी, जिसमें रियल-टाइम अलर्ट, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग, एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। राइडर को एक स्मार्ट एआर हेलमेट भी मिलेगा, जो सड़क और ट्रैफिक की सटीक जानकारी प्रदान करेगा।

लंबी दूरी की राइड के लिए इसे एक्टिव एर्गोनॉमिक्स के साथ डिजाइन किया गया है। सड़क की स्थिति के अनुसार इसका सस्पेंशन अपने आप एडजस्ट होगा। राइडर के स्वास्थ्य और राइड डेटा पर नज़र रखने के लिए स्मार्ट वियरेबल्स भी उपलब्ध रहेंगे। साथ ही एक्सट्रीम फास्ट चार्जिंग तकनीक इसे कुछ ही मिनटों में चार्ज कर देगी।

ओला का कहना है कि डायमंडहेड सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के भविष्य को परिभाषित करेगी।

# रुस-यूक्रेन युद्ध के चलते भारत खरीद रहा रुसी ऊर्जा, इसलिए ट्रंप ने टैरिफ बढ़ाया

**-लेविट ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति चाहते हैं कि क्षेत्र में जल्द शांति स्थापित हो**

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी अलग से टैरिफ लगा दिया है। व्हाइट हाउस प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लेविट ने कहा कि यह कदम रूस को युद्ध जारी रखने से रोकने के लिए उठाया गया है। लेविट ने कहा कि भारत लगातार रूसी ऊर्जा खरीद रहा है, इसी कारण टैरिफ दोगुना यानी 50 फीसदी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रंप लगातार दबाव बना रहे हैं कि यह युद्ध जल्द खत्म हो। उन्होंने भारत पर प्रतिबंध और दूसरे कदम उठाए हैं ताकि रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत हो सके। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की और सात यूरोपीय नेताओं से साथ मुलाकात की थी। इस बैठक में युद्ध खत्म करने के विकल्पों पर चर्चा की गई। लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप चाहते हैं कि जल्द शांति स्थापित हो। बैठक के बाद नाटो महासचिव समेत सभी यूरोपीय नेता इसे सही दिशा में पहला कदम बताया। व्हाइट हाउस का दावा है कि अगर ट्रंप पहले से राष्ट्रपति होते, तो यह युद्ध कभी शुरू ही नहीं होता। रिपोर्ट के मुताबिक लेविट ने दोहराया कि ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराकर तनाव कम करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब हालात बिगड़ रहे थे, तब ट्रंप ने व्यापार को हथियार बनाकर दोनों देशों के बीच युद्धविराम कराया। ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध उन्होंने रुकवाया। भारत ने इस दावे को हमेशा खारिज किया है, लेकिन पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने ट्रंप को इस समझौते का श्रेय देते हैं।

# रुपया गिरावट के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया बुधवार को दो पैसे की गिरावट के साथ ही 87.06 रुपये पर बंद हुआ। वहीं इससे पहले रुपया मंगलवार को रुपया 87.04 पर बंद हुआ था। गत दिवस शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 19 पैसे बढ़कर 87.20 पर पहुंच गया था। यह बढ़त व्यापक कर सुधारों और घरेलू शेयर बाजारों में जारी तेजी के चलते दर्ज की गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.24 पर खुला और धीरे-धीरे मजबूत होते हुए 87.20 पर पहुंचा। वहीं सोमवार को यह 87.39 पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के अनुसार, सरकार द्वारा टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए सुधारों ने विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। रुपये की इस मजबूती को निवेशकों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है, जो देश की आर्थिक नीतियों में भरोसे को दर्शाता है।




# मोतीलाल ओसवाल ने पेटीएम के 26,31,244 अतिरिक्त शेयर खरीदे

**-इसके साथ हिस्सेदारी 4.74 फीसदी से बढ़कर 5.15 फीसदी हुई**

**नई दिल्ली।** स्टॉक ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने फिनटेक कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (पेटीएम की पैरेंट कंपनी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा दी है। कंपनी ने एक्सचेंज को बताया कि अब उसके पास पेटीएम में 5.15 फीसदी हिस्सेदारी है। मंगलवार को दाखिल की गई एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक मोतीलाल ओसवाल ने पेटीएम के 26,31,244 अतिरिक्त शेयर खरीदे हैं। इसके साथ ही उनकी हिस्सेदारी 4.74 फीसदी से बढ़कर 5.15 फीसदी हो गई है। अब उनके पास कुल 3,29,11,399 शेयर हैं। मंगलवार को पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस का शेयर 4.6 फीसदी या 53.75 बढ़कर 1,227.30 पर बंद हुआ था। दिन के दौरान इसने 1,232.65 का हाई छुआ यानी करीब 5 फीसदी की तेजी दर्ज की। कंपनी का मार्केट कैप अब करीब 78,360 करोड़ है। इसी दिन मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयर भी 2.31 फीसदी या 21.70 बढ़कर 959.85 पर बंद हुए। इस कंपनी का मार्केट कैप करीब 57,544 करोड़ है। बता दें हाल ही में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने क्विक-कॉमर्स स्टार्टअप जेप्टो में भी बड़ा निवेश किया था। कंपनी ने 400 करोड़ लगाकर जेप्टो के 7.54 करोड़ कम्पलसरीली कन्वर्टिबल प्रेफरेंस शेयर खरीदे थे। यह डील 12 अगस्त को रेगुलेटरी फाइलिंग में दर्ज की गई थी।

# नए लुक में लॉन्च हुई टाटा पंच ईवी, नए कलर के साथ एडवांस फीचर्स भी



**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की सबसे पॉपुलर और किफायती इलेक्ट्रिक कारों में से एक टाटा पंच ईवी अब नए लुक में बाजार में आ गई है। अपनी फ्यूचरिस्टिक डिजाइन और एडवांस फीचर्स के लिए पंच ईवी अब दो नए कलर के साथ बाजार में उपलबध है। साथ ही कंपनी ने इसकी चार्जिंग स्पीड में भी सुधार किया है, जिससे यह कार पहले से ज्यादा प्रैक्टिकल और यूजर फ्रेंडली बन गई है। टाटा पंच ईवी में अब प्यूर ग्रे और सुपरनोवा कॉपर कलर शामिल किया गया है। इन नए शेड्स के जुड़ने के बाद पंच ईवी कुल सात रंगों में बाजार में उपलब्ध होगी। खास बात यह है कि इसके सभी कलर ब्लैक रूफ के साथ डुअल-टोन फिनिश में आते हैं, जो कार को और भी प्रीमियम और स्टाइलिश बना देते हैं। टाटा ने पंच ईवी की डीसी फास्ट चार्जिंग स्पीड को बेहतर बनाया है। जहां पहले इस कार को 10 फीसदी से 80 फीसदी तक चार्ज करने में 56 मिनट लगते थे, अब इसे सिर्फ 40 मिनट में चार्ज किया जा सकेगा। केवल 15 मिनट की चार्जिंग में पंच ईवी करीब 90 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, जिससे लंबी यात्राओं में यह मददगार साबित होगी। टाटा पंच ईवी न केवल स्टाइलिश है, बल्कि टेक्नोलॉजी से भी लैस है। इसमें 10.25-इंच का डुअल स्क्रीन सेटअप लगाया गया है, जिसमें इंफोटेनमेंट और इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर शामिल हैं। इसके अलावा, कार में वायरलेस एंडराड ऑटो और एपल कारप्ले, रियर ऐसी वेंट, ऑटोमैटिक क्लाइमेट कंट्रोल, एयर प्यूरीफायर और 6-स्पीकर साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स मिलते हैं। कंफर्ट के लिए वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें, एंबिएंट लाइटिंग और सिंगल-पेन सनरूफ भी मौजूद हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 213 अंक , निफ्टी 70 अंक उछला**

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 213.45 अंक की तेजी के साथ करीब 81,850 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 70 अंक बढ़कर 25,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट का प्रदर्शन मिलाजुला रहा, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप सूचकांक 0.46 फीसदी और 0.30 फीसदी की तेजी के साथ बढ़त पर बंद हुए। निफ्टी बैंक में 0.30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक दिन की खरीदारी के बाद फिर से शुद्ध विक्रेता रहे और भारतीय शेयरों में 634.26 करोड़ रुपए की बिकवाली की। इस बीच, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,261.06 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी के साथ अपना समर्थन बनाए रखा।



सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा मोटर्स के शेयर गिरे। वहीं भारती एयरटेल, इन्फोसिस और एनटीपीसी के शेयर में तेजी रही। जानकारों के अनुसार एनएसई का बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी पिछले तीन दिनों में जीएसटी सुधारों से संबंधित सकारात्मक घोषणाओं के कारण 364 अंक उछला है जिससे भी बाजार को बल मिला है। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच ही बिकवाली हावी रहने से आयी। निवेशकों ने अमेरिका-भारत के बीच व्यापार मामले पर होने वाली बातचीत से पहले से सतर्क रुख अपनाने हुए बाजार से दूरी बनाये रखी। आज सुबह सेंसेक्स पिछले बंद भाव से 68.3 अंक की गिरावट के साथ 81,576.09 पर खुला। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी सुबह 26.5 अंक टूटकर 24,965.80 पर खुला।

सेंसेक्स की कंपनियों में ज्यादा शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। इनमें बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और ट्रेंट जैसे शेयर शामिल थे। वहीं भारती एयरटेल, इटरनल, एनटीपीसी, इंफोसिस और टीसीएस सबसे ज़्यादा लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में भी आज सुबह गिरावट से शुरुआत हुई। सुबह दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.87 फीसदी और जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 1.11फीसदी गिरा। अमेरिकी बाजार में भी गिरावट रही। वहीं तकनीकी शेयरों में कमजोरी के कारण एसएंडपी 500 में 0.59 फीसदी की गिरावट, नेसडेक में 1.46फीसदी की गिरावट और डॉओ जोंस लगभग स्थिर रहा।

# एयरपोर्ट जाने से पहले वेबसाइट या ऐप पर उड़ान की स्थिति देखें

**मुंबई में भारी बारिश से उड़ानें बाधित, इंडिगो ने जारी की एडवाइजरी**



**मुंबई।** मुंबई में भारी बारिश से उड़ाने भी बाधित हो रही हैं। इसके मद्देनजर भारत की प्रमुख विमानन कंपनी इंडिगो ने यात्रियों के लिए बुधवार को एडवाइजरी जारी की। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पर पोस्ट करके बारिश की आशंका के कारण हवाई यात्रा पर असर पड़ने की बात कही है। कंपनी ने पोस्ट में लिखा- हम चाहते हैं कि आपकी यात्रा यथासंभव परेशानी मुक्त हो, लेकिन प्रकृति की भी अपनी योजनाएं हैं। मुंबई में भारी बारिश की आशंका है, जिससे हवाई यातायात में भीड़भाड़ और उड़ान संचालन पर असर पड़ सकता है। एयरलाइंस ने आगे लिखा- हम संचालन को सुचारू रखने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हम पहले से योजना बनाने की सलाह देते हैं। आपकी उड़ान के शेड्यूल में कोई भी बदलाव आपके पंजीकृत संपर्क विवरण के जरिए से साझा किया जाएगा, इसलिए सुनिश्चित करें कि वे अपडेट रहें। एयरपोर्ट जाने समय से पहले निकलने की सलाह देते हुए इंडिगो ने लिखा- एयरपोर्ट जाने से पहले हमारी वेबसाइट या ऐप पर अपनी उड़ान की स्थिति देखें और जलभराव और धीमी गति से चलने वाले ट्रैफिक की संभावना के कारण, अपनी यात्रा के लिए कुछ अतिरिक्त समय निकालें। सड़कों पर सुरक्षित रहें और तैयार होकर यात्रा करें। इससे पहले बुधवार को इंडिगो एयरलाइंस ने पोस्ट करके एक एडवाइजरी जारी की थी। उसमें भी विमानन कंपनी ने कई विमानों के आगमन और प्रस्थान में देरी की आशंका जताई थी और यात्रियों को इंडिगो की ऐप और वेबसाइट से यात्रा संबंधी प्रमुख गाइडलाइन्स को फॉलो करने की सलाह दी थी। मौसम विभाग ने मुंबई में भारी बारिश की चेतावनी दी थी, जिसके कारण उड़ानों के समय में बदलाव या देरी की संभावना जताई जा रही है। आईएमडी ने महाराष्ट्र में 16 से 21 अगस्त के दौरान भारी बारिश जारी रहने की संभावना जताई थी।

# ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पर उद्योग जगत की अपील कहा- बैठक कर पहले चर्चा जरुरी

**नई दिल्ली।**

ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) और फेडरेशन ऑफ इंडिया फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) द्वारा संयुक्त रूप से लिखे गए पत्र में, उद्योग जगत के नेताओं ने कहा कि उनका मानना है कि ऑनलाइन स्किल गेमिंग इंडस्ट्री प्रधानमंत्री के 1 ट्रिलियन डॉलर की डिजिटल अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण की आधारशिलाओं में से एक हो सकता है। ऐसे में उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों ने सरकार के साथ तत्काल बैठक का अनुरोध किया है। उनका कहना है कि अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो भारतीय यूजर्स और नागरिकों को गंभीर नुकसान होगा।


गेमिंग संगठनों ने पत्र में कहा, हमें विश्वास है कि आपके समर्थन से, भारत का गेमिंग क्षेत्र जिम्मेदारी से आगे बढ़ सकता है, रोजगार पैदा कर सकता है, महत्वपूर्ण कर राजस्व में योगदान दे सकता है और अवैध ऑपरेटरों को रोक सकता है। यह विधेयक ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म को एक कानूनी ढांचे के तहत लाने और डिजिटल ऐप्स के माध्यम से जुआ खेलने पर दंड लगाने का प्रस्ताव करता है। प्रस्तावित कानून राज्य के कानूनों में लत, धोखाधड़ी और विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करता है और इसमें दंड और सजा के प्रावधान हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को ऑनलाइन गेमिंग के लिए केंद्रीय नियामक के रूप में नामित किया जा सकता है। इस विधेयक का उद्देश्य अनधिकृत ऑनलाइन सट्टेबाजी पर भी रोक लगाना है। गेमिंग फेडरेशन के अनुसार, ऑनलाइन स्किल गेमिंग एक उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसका उद्यम मूल्यांकन 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक है, राजस्व 31,000 करोड़ रुपए से अधिक है, वार्षिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर 20,000 करोड़ रुपए से अधिक है और यह 20 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर 2028 तक और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के साथ दोगुना होने वाला है। भारतीय ऑनलाइन गेमर्स की कुल संख्या 2020 में 36 करोड़ से बढ़कर 2024 में 50 करोड़ से अधिक हो गई।

पत्र में आगे कहा गया है, भारत के गेमिंग उद्योग ने जून 2022 तक 25,000 करोड़ रुपए से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया है। यह उद्योग वर्तमान में 2 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन करता है, और अगले कुछ वर्षों में यह संख्या काफी बढ़ जाएगी।

# अगस्त से नवंबर के बीच कई नए मॉडल होंगे लॉन्च

**नई दिल्ली ।** ऑटोमोबाइल कंपनियां भारतीय बाजार में अगस्त से नवंबर के बीच कई नए मॉडल लॉन्च करने की तैयारी में हैं। कंपनियों का सबसे ज्यादा फोकस इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर रहेगा। टाटा सिएरा ईवी, ई-विटारा और विनफास्ट एसयूवी जैसी किफायती गाड़ियों से लेकर बीएमडब्ल्यू आईएक्स 2025, ऑडी क्यू6 ई-ट्रॉन और मर्सडीज बेंझ सीएलए इलेक्ट्रानिक जैसी लग्जरी गाड़ियां लॉन्च होंगी। महिंद्रा भी अपने वीजन एस और एसएक्सटी कॉन्सेप्ट को प्रोडक्शन की ओर ले जा रही है। दोपहिया सेगमेंट में स्कूटर्स और प्रीमियम ई-मोटरसाइकिलें आएंगी, हालांकि बड़े पैमाने पर बिकने वाली इलेक्ट्रिक बाइक्स के लिए अभी एक साल इंतजार करना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस साल अगस्त से नवंबर का समय भारत में अब तक का सबसे बड़ा ईवी लॉन्च सीजन साबित हो सकता है। इसमें लग्जरी से लेकर किफायती तक, हर तरह की गाड़ियां एक साथ बाजार में आएंगी, जिससे शहरी और अर्ध-शहरी दोनों तरह के ग्राहकों की मांग को बढ़ावा मिलेगा। 2025 की पहली छमाही में ही टेस्ला ने अपने मॉडल वाय के साथ भारतीय बाजार में दस्तक दी, जिसने माहौल को और गरमाया। इसके बाद हुंडई क्रेटा ईवी, टाटा हैरियर ईवी, किआ कैरेंस क्लैविस ईवी, हुंडई वेन्यू ईवी और महिंद्रा की नई [illegible] सीरीज जैसे कई मॉडल लॉन्च हुए।



## मैडॉक फिल्म्स के साथ काम कर रहे हैं इब्राहिम अली खान

सैफ अली खान के बेटे और अभिनेता इब्राहिम अली खान इन दिनों बहुत व्यस्त चल रहे हैं। उनके पास कई प्रोजेक्ट हैं। हाल ही में उनकी फिल्म सरजमीं रिलीज हुई है। इसके बाद उन्होंने दिलेर पर काम करना शुरू किया है।

अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें नजर आ रहा है कि वह रिकॉर्डिंग स्टूडियो में हैं। उन्होंने इन तस्वीरों के जरिए अपने फैंस को अपनी अगली फिल्म के बारे में अपडेट दी है। पोस्ट के मुताबिक दिलेर दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही है। इसका निर्देशन कुणाल देशमुख कर रहे हैं। उन्होंने जन्नत और तुम मिले जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

### पूरी हो गई दिलेर की शूटिंग

खबरों के मुताबिक दिलेर की शूटिंग इसी साल जनवरी में पूरी हुई है। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़, मुंबई, लंदन और कई दूसरी जगहों पर हुई है। कुणाल देशमुख की पत्नी सोनाली ने फिल्म पूरी होने पर कई तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा दिलेर की शूटिंग पूरी हो गई। बहुत अच्छा सफर था।

### श्रीलीला भी आएंगी नजर



फिल्म में इब्राहिम अली खान अहम किरदार में हैं। इसमें उनके साथ लीड रोल में साउथ की अभिनेत्री श्रीलीला हैं। फिल्म के बारे में बाकी जानकारी को गुप्त रखा गया है।

### इब्राहिम अली खान का वर्कफ्रंट

इब्राहिम अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में कायोज ईरानी की फिल्म सरजमीं में नजर आए थे। इसमें उनके साथ काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन ने अभिनय किया है। फिल्म में उन्होंने एक आर्मी अफसर के बेटे का किरदार निभाया है। उन्हें आतंकवादी किडनैप कर लेते हैं और कई वर्षों के बाद छोड़ते हैं।



# कॉकटेल 2 में हुई कृति सेनन की एंट्री

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'कॉकटेल' का सीक्वल आने वाला है। साल 2012 में रिलीज हुई इस फिल्म में जहां दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की तिकड़ी देखने को मिली थी, वहीं अब 'कॉकटेल 2' में नए चेहरों के साथ एक ताज़ा तड़का लगने जा रहा है। इस बार फिल्म की कमान संभाली है निर्देशक होमी अदजानिया ने और सबसे बड़ी खबर ये है कि कृति सेनन इस बार फिल्म की लीड अभिनेत्री होंगी।

### होमी अदजानिया ने किया कन्फर्म

हाल ही में निर्देशक होमी अदजानिया ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर कृति सेनन की एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने कॉकटेल 2 का हैशटैग यूज किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्क इन प्रोग्रेस भी लिखकर इस बात का संकेत दिया कि फिल्म की तैयारियां अब जोरों पर हैं। इस तस्वीर ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, क्योंकि अभी तक फिल्म से जुड़ी कोई आधिकारिक कास्टिंग अनाउंसमेंट सामने नहीं आई थी। लेकिन अब कृति की फिल्म में एंट्री का ऐलान हो चुका है।

### क्या होगी नई कॉकटेल की कहानी?

फिल्म की कहानी को लेकर काफी गोपनीयता बरती जा रही है। हालांकि सूत्रों की मानें तो इस फिल्म में मॉडर्न रिश्तों और आधुनिक प्यार की एक नई परत को उजागर किया जाएगा। कहा जा रहा है कि फिल्म में कृति सेनन के साथ शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिकाओं में होंगे। ये तिकड़ी पहले कभी साथ नहीं दिखी और ऐसे में इन तीनों की केमिस्ट्री दर्शकों के लिए एक नया अनुभव बन सकती है।

### शूट से पहले ही रश्मिका ने भी बटोरी सुर्खियां



हाल ही में रश्मिका मंदाना ने भी निर्देशक होमी की एक पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए अपनी एक मजेदार तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा वर्क इन प्रोग्रेस और चेहरा छिपा रखा था। यह संकेत था कि वो भी इस प्रोजेक्ट में शामिल हैं, हालांकि उन्होंने इसे लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### फिर शाहिद और कृति की जोड़ी

कृति सेनन और शाहिद कपूर पहले 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में साथ नजर आ चुके हैं और अब इस नई फिल्म में एक बार फिर इनकी जोड़ी दर्शकों को देखने को मिलेगी। पिछली फिल्म में इनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को सराहा गया था, ऐसे में 'कॉकटेल 2' से भी उम्मीदें बढ़ गई हैं। फिल्म का निर्माण मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है और इसकी पटकथा लिखी है लव रंजन ने। बताया जा रहा है कि फिल्म साल 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### कृति के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

कृति के फैंस के लिए यह खबर किसी तोहफे से कम नहीं, क्योंकि वो पहले ही धनुष के साथ 'तेरे इश्क में' और रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' जैसी बड़ी फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। अब 'कॉकटेल 2' उनकी फिल्मी लिस्ट में एक और दमदार नाम जोड़ता है।





# मिर्जापुर द फिल्म में जितेंद्र कुमार के साथ रवि किशन की भी हुई एंट्री

पॉप्युलर वेब सीरीज मिर्जापुर के चौथे सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार रवि किशन और जितेंद्र कुमार भी कलाकारों के साथ जुड़ गए हैं, हालांकि उनके किरदार अभी तक गुप्त रखे गए हैं। मिर्जापुर द फिल्म, जिसका निर्देशन गुरमीत सिंह कर रहे हैं, 2026 में रिलीज होने की उम्मीद है।

पॉप्युलर वेब सीरीज मिर्जापुर के अगले सीजन के लिए सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं और चौथे सीजन को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। जहां अली फजल और पंकज त्रिपाठी के किरदारों की धड़पकड़ दर्शकों को एक बार फिर से एंटरटेन करेगी। वहीं, इस बार रवि किशन और जितेंद्र कुमार भी उनका साथ देंगे। हालांकि उनका क्या रोल होगा, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मिर्जापुर द फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया है, जितेंद्र और रवि किशन फिल्म की कास्ट में शामिल हो गए हैं। फिल्म की मुहूर्त पूजा गुरुवार, 14 अगस्त को हुई और वो दोनों ही इसमें मौजूद थे। उनके किरदारों को फैंस के लिए एक बड़े सरप्राइज के तौर पर रखा जा रहा है। कलाकारों के लुक टेस्ट और रीडिंग सेशन शुरू हो चुके हैं और अगले कुछ दिनों तक जारी रहेंगे। जितेंद्र और रवि भी प्री-प्रोडक्शन के काम में शामिल हो गए हैं। फिल्म अगले महीने फ्लोर पर जाएगी।

पोर्टल ने जब रवि किशन से कॉन्टैक्ट किया तो उन्होंने इस बारे में बात करने से मना कर दिया और जितेंद्र की तरफ से भी कोइ रिएक्शन नहीं मिला। लेकिन पुरानी रिपोर्ट्स में बताया गया था कि जितेंद्र कुमार को विक्रांत मैसी की जगह कास्ट किया गया है और वह लीड रोल में दिखाई देंगे। और बबलू पंडित का रोल निभाएंगे। हालांकि मेकर्स ने कुछ कंफर्म नहीं किया है। 2024 में ही इसके चौथे सीजन की अनाउंसमेंट कर दी गई थी। अली फजल, पंकज त्रिपाठी और दिव्येंदु का एक वीडियो आया था, जिसमें उन्होंने ऐलान किया था।

### मिर्जापुर द फिल्म की रिलीज डेट

पुनीत कृष्णा की प्रोड्यूस्ड और गुरमीत सिंह की डायरेक्टेड मिर्जापुर द फिल्म अगले साल 2026 में रिलीज होगी। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये पूरे देशभर में देखी जा सकेगी। बताया जा रहा है कि श्वेता त्रिपाठी का इसमें कमबैक हो सकता है, जिनकी तीसरे सीजन में जान जाते हुए दिखाया गया था। साथ ही पंकज त्रिपाठी का वफादार नौकर भी बदला लेने के लिए लौटेगा।

# झांसी की रानी का किरदार निभाकर मुझे एक नया जन्म मिला



भारतीय जनता पार्टी की सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना ने शिरडी साईं बाबा के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने अपनी फिल्म मणिकर्णिका – द क्वीन ऑफ झांसी में झांसी की रानी का रोल निभाने को लेकर अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि फिल्म में झांसी की रानी का रोल निभाकर उन्हें एक नया जन्म मिला। वह झांसी की रानी फिल्म से पुनर्जीवित हुईं। फिल्म इंडस्ट्री ने जो मेरी इमेज खराब कर रखी थी, उसमें भी परिवर्तन आया। कंगना रनौत ने आगे कहा कि इस फिल्म के जरिए उन्हें देश और आजादी के संघर्ष के बारे में जानने को मिला। स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे झांसी की रानी पर कार्यक्रम करते हैं और झांसी की रानी का किरदार निभाते हैं तो यह देखकर बहुत अच्छा लगता है। हमारी वीरांगनाओं पर और फिल्म बननी चाहिए।

# निधि अग्रवाल ने रोमांचक फिल्म की घोषणा के साथ मनाया जन्मदिन



साउथ एक्ट्रेस निधि अग्रवाल ने अपनी कुछ ही फिल्मों से दर्शकों के बीच जबरदस्त लोकप्रियता हासिल कर ली है। उनके जन्मदिन पर द राजा साहब के निर्माताओं ने उनका कैरेक्टर पोस्टर जारी कर उन्हें जन्मदिन की खास बधाई दी है।

निर्माताओं ने निधि की खास तस्वीर इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की और कैप्शन में लिखा, उसकी आंखों में राज हैं, उसकी मौजूदगी सिहरन पैदा करती है, पर चेहरा अनदेखा रहता है! इस दशहरा पर, अंधेरे को नाम मिल गया है, उसके खुलासे का इंतजार है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ज्योति क्रिएशन्स ने अपनी पहली फिल्म में निधि को मुख्य भूमिका में लेने की घोषणा की है। इस फिल्म का नाम दशहरा के मौके पर बताया जाएगा। फिल्म के निर्माता पुप्पाला अप्पाला राजू हैं और इसे निखिल कार्तिक एन ने लिखा और निर्देशित किया है।

निधि अग्रवाल एक भारतीय अभिनेत्री और मॉडल हैं, जो तेलुगु, तमिल और हिंदी फिल्मों में काम करती हैं। उन्होंने 2017 में मुन्ना माइकल से बॉलीवुड में डेब्यू किया और इसके लिए जी सिने अवॉर्ड जीता। इसके बाद 2018 में तेलुगु फिल्म सव्यसाची और 2021 में तमिल फिल्म ईश्वरन से तेलुगु और तमिल सिनेमा में कदम रखा। निधि जल्द ही प्रभास की फिल्म द राजा साब में नजर आएंगी।



# मुझे देशभक्ति विरासत में मिली, मेरे दादा आजादी की लड़ाई में शहीद हो गए थे

**फिल्मी खानदान से ताल्लुक रखने वाले फारूक कबीर के लिए इंडस्ट्री में अपनी जमीन तलाशना आसान नहीं था। अल्लाह के बंदे जैसी चर्चित फिल्म से निर्देशक बने फारूक कबीर अशोका और फिर भी दिल है हिंदुस्तानी में सहायक निर्देशक भी रहे। उन्होंने अवॉर्ड विनिंग डॉक्यूमेंट्री अनहर्ड वॉइसेज ऑफ इंडिया भी बनाई। खुदा हाफिज वन और खुदा हाफिज टू के बाद वह इन दिनों ओटीटी की नई सीरीज सलाकार के कारण चर्चा में हैं।**

बचपन से ही फिल्मी माहौल में पले-बढ़े फारूक कबीर अपनी पृष्ठभूमि के बारे में कहते हैं, मैं अपने करियर और जीवन में अपनी मम्मी से काफी प्रभावित रहा हूं। मेरी मम्मी सबीहा कॉस्ट्यूम डिजाइनर हुआ करती थीं लंबे समय तक। शर्मिला टैगोर, पद्मिनी कोल्हापुरे, मीनाक्षी शेषाद्रि, फरहा, तब्बू, नीलम, माधुरी दीक्षित और किमी काटकर जैसी कई एक्ट्रेसेस के लिए वह कॉस्ट्यूम डिजाइन किया करती थीं। मुझे लगा कि मेरी मां अगर इतने साल तक मेहनत करके हमें पाल-पोसकर किसी काबिल बनाती हैं, तो फिर मुझे तो उनके नाम को रोशन करना ही है। यही वजह थी, जो मैंने भी फिल्मी दुनिया को चुना।

फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, अशोका और प्यार इश्क और मोहब्बत जैसी फिल्मों में सहायक निर्देशक रहे फारूक कबीर, उस दौर के अपने अनुभव के बारे में कहते हैं, शाहरुख (खान) भाई से मैंने विनम्रता और कड़ी मेहनत करना सीखी। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानता हूं कि मुझे अजीज मिर्जा और संतोष सिवान जैसे फिल्मकारों की सोहबत मिली, जिनसे मैंने बहुत कुछ सीखा। उस वक्त मैं मात्र 18 साल का था। इन फिल्मकारों से मैंने सीखा कि राइटिंग और स्टोरी टेलिंग बहुत जरूरी होती है। इंडिपेंडेंट निर्देशक बनने का सफर काफी मुश्किल रहा सहायक निर्देशक के रूप में काम कर चुके फारूक ने अमेरिका जाकर राइटिंग का डिप्लोमा भी लिया। वह अपने सफर के बारे में कहते हैं, असिस्टेंट डायरेक्टर से इंडिपेंडेंट डायरेक्टर बनने का मेरा सफर आसान नहीं था। मैंने काफी संघर्ष किया, मेरी स्क्रिप्ट को कई बार नकारा गया, मगर मैंने कभी ये नहीं सोचा कि मेरी क्षमता में कोई कमी है। पूरे दस साल बाद आई मेरी खुदा हाफिज और उसके बाद खुदा हाफिज 2...अब हाल ही सीरीज सलाकार आई है, जिसकी कहानी को संजीदगी से कहना जरूरी था। मैंने 6 महीने तक ये स्क्रिप्ट लिखी। ये सीरीज लिखना इसलिए चुनौतीपूर्ण था कि ये एक पीरियड ड्रामा है और 1978 का माहौल दर्शाना आसान नहीं था। हमने इसमें दो टाइमलाइन रखी हैं। एक आज की और एक तब की।

### भारत-पाकिस्ताने के मुद्दे पर क्यों होती हैं ज्यादातर भारतीय फिल्में?

मगर हमारी ज्यादातर फिल्में इंडिया-पाकिस्तान के मुद्दे के इर्दगिर्द ही क्यों होती हैं? इस सवाल के जवाब में वह कहते हैं, हमारी ये फिल्म इंडिया-पाकिस्तान के बीच हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित हैं, इसमें हमने दो देशों के मुद्दे को जबरन नहीं डाला। ये एक सच्चे जासूस की कहानी है, जहां 1978 के जमाने में देश के लिए लड़ा था। ये भारत के अनसंग हीरोज की कहानी है।

### देशभक्ति का पाठ घर में पढ़ाया गया है

फारूक कबीर की फिल्मोग्राफी पर अगर नजर डाली जाए, तो उनका देश भक्ति से ओतप्रोत फिल्मों की ओर ज्यादा झुकाव रहता है। उनकी पिछली फिल्में खुदा हाफिज और खुदा हाफिज 2 भी उसी तर्ज पर थीं और अब सलाकार भी एक देशभक्ति से लबरेज़ स्पाई ड्रामा है। वह कहते हैं, मैं अपनी जमीन को बहुत अच्छे ढंग से जानता हूं। एक जमाने में मैंने एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी, जिसमें मैं बाई रोड 27,000 किलोमीटर पूरा इंडिया घूमा था और उसी के बाद मैं अपने देश की मिट्टी ही नहीं, इसके पहलुओं और लोगों को भी बहुत करीब से जान पाया। मेरी उस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था, अन्हर्ड वॉइसेज ऑफ इंडिया मैंने पाया कि देशभक्ति इंडिया-पाकिस्तान के मैच से कहीं बहुत ज्यादा ऊंची और परे है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in